अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 218 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 02 अगस्त 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

### टीकों की कमी पर स्वास्थ्य मंत्री का राहुल गांधी को जवाब, कहा- सुना आपने भी लगवा लिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोरोना वायरस टीके की कमी को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा 'भारत में जुलाई महीने में 13 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए हैं। इस महीने इसमें और तेजी आने वाली है। इस उपलब्धि के लिए हमें अपने स्वास्थ्यकर्मियों पर गर्व है। अब तो उन पर और देश पर आपको भी गर्व होना चाहिए। दरअसल, राहुल गांधी ने एक ट्वीट करते हुए कहा था कि जुलाई चला गया है, वैक्सीन की कमी नहीं गई। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया था जिसमें वैक्सीन की कमी को लेकर सोशल मीडिया और मीडिया में चल रही खबरों के बारे में बताया गया था। जिसमें जम्मू-कश्मीर, बिहार समेत कई राज्यों में टीके की कमी की बात कही गई है।

# सरकार का दावा- 80% कम हो गए ट्रिपल तलाक के केस

## ओवैसी बोले- मुसलमानों को कबूल नहीं यह कानून



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तलाक, तालक, तलाक...और रिश्ता खत्म। इस सामाजिक बुराई के खिलाफ कानून बने आज दो साल पूरे हो चुके हैं। कानून को पूरी तरह प्रभावी बताते हुए मोदी सरकार ने कहा है कि ट्रिपल तलाक के मामलों में 80 फीसदी की कमी आ गई है और मुस्लिम महिलाओं को इसका फायदा हुआ है। वहीं, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि मुसलमानों को यह कानून मंजूर नहीं है और इससे महिलाओं की मुसीबतों में इजाफा ही होगा।राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनो वादों को पूरा किया। अयोध्या में राममंदिर का मुद्दा सुलझ गया। अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके जम्मू-कश्मीर के लोगों को फायदा पहुंचाया गया। मरहम कानून खत्म किया गया, जिससे 3500 मुस्लिम महिलाएं बिना मरहम के हज पर गईं। नकवी ने कहा कि ट्रिपल तलाक पर कानून प्रभावी (1 अगस्त 2019) होने के बाद ट्रिपल तलाक के 80 फीसदी केस कम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस कानून से पहले 63,000 केस दर्ज किए गए थे, लेकिन कानून लागू किए जाने के बाद इनकी संख्या गिरकर 221 रह गई। नकवी ने कहा कि बिहार में भी केवल 49 मामले सामने आए हैं।

एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने एएनआई से बातचीत में कहा, ''यह कानून (ट्रिपल तलाक) असंवैधानिक है और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा चुकी है। यह समानता के खिलाफ है और मुसलमानों को बुरा बताने वाला है। क्या मोदी सरकार केवल मुस्लिम महिला (अधिकार) दिवस मनाएगी? हिंदू, दलित और ओबीसी महिलाओं की सशक्तिकरण का क्या?'' ओवैसी ने कहा कि इस कानून की वजह से मुस्लिम महिलाओं का और अधिक उत्पीड़न होगा और उनकी दिक्कतें बढ़ेंगी। केवल केस दर्ज किए जाएंगे, कोई न्याय नहीं होगा। जमीन पर मुसलमानों ने इसे स्वीकार नहीं किया है।


### पीवी सिंधु ने रचा इतिहास

# ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत की झोली में डाला तीसरा पदक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने इतिहास रच दिया है। सिंधु ने ब्रॉन्ज मेडल के लिए खेले गए मुकाबले में चीन की ही बिंग जियाओ को सीधे गेम में 21-13, 21-15 से मात दी। सिंधु ने चीन की खिलाड़ी के खिलाफ पहला सेट आसानी के साथ जीता, लेकिन दूसरे सेट में उन्हें जीतने के लिए मशक्कत करनी पड़ी। इस जीत के साथ ही सिंधु भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने लगातार दो ओलंपिक खेलों में देश के लिए पदक जीता है।दिग्गज पहलवान सुशील कुमार बीजिंग 2008 खेलों में ब्रॉन्ज और लंदन 2012 खेलों में सिल्वर पदक जीतकर ओलंपिक में दो व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। सिंधु ने इससे पहले ब्राजील के शहर रियो में हुए ओलंपिक खेलों में सिल्वर मेडल हासिल किया था, लेकिन वह गोल्ड लाने से महज एक कदम दूर रह गईं थीं। तब उन्हें फाइनल में स्पेन की कैरोलिना मारिन के खिलाफ हार झेलनी पड़ी थी। पिछले ओलंपिक में भारतीय दल ने सिर्फ दो मेडल ही हासिल किए थे। इसमें सिंधु के अलावा कुश्ती में साक्षी मलिक ने ब्रॉन्ज मेडल कर कब्जा जमाया था। सिंधु के अलावा टोक्यो में अब तक वेटलिफ्टर मीराबाई चानू और महिला बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने ही पदक पर मुहर लगाई है। मीराबाई ने महिलाओं की वेटलिफ्टिंग स्पर्धा के 49 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर मेडल जीता था। इसके लिए उन्होंने 202 किलो का कुल भार उठाया, जबकि लवलीना ने महिलाओं की 69 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की निएन चिन चेन को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और इस ओलंपिक में देश के लिए दूसरा पदक पक्का किया था। बैडमिंटन की बात करें तो भारत को बैडमिंटन में ओलंपिक में 3 मेडल मिले हैं।

# तीसरा मोर्चा बनाने का ऐलान कर चुके चौटाला से मिले नीतीश कुमार, जेडीयू ने बताया पीएम मैटेरियल, लगने लगीं अटकलें



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) अध्यक्ष ओमप्रकार चौटाला से मुलाकात की है। यह मुलाकात चौटाला के गुरुग्राम स्थित उनके आवास पर हुई है। इस दौरान जद (यू) नेता केसी त्यागी भी साथ रहे। यह मुलाकात उस समय हुई है जब ओम प्रकाश चौटाला तीसरे मोर्चे के गठन की पैरवी कर रहे हैं और केंद्र की सरकार को किसान विरोधी बता चुके हैं। इस बैठक के दौरान तीनों नेताओं के बीच राजनीतिक मामलों पर भी चर्चा हुई है। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला ने ट्वीट किया कि बिहार के मुख्यमंत्री कुमार और जद(यू) महासचिव त्यागी ने चौधरी ओमप्रकाश चौटाला से गुरुग्राम स्थित उनके आवास पर मुलाकात की तथा उनका कुशलक्षेम जानने के साथ ही राजनीतिक मामलों पर चर्चा की। नीतीश कुमार और केसी त्यागी ने पूर्व में ओमप्रकाश चौटाला के पिता और पूर्व उपप्रधानमंत्री दिवंगत देवीलाल के साथ काम किया था।

ओमप्रकाश चौटाला ने पिछले सप्ताह कहा था कि आज की सबसे बड़ी आवश्यकता केंद्र की जनविरोधी और किसान विरोधी सरकार से मुक्ति पाने की है। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार है तथा बिहार में जद(यू) और हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जजपा) के साथ उसकी गठबंधन सरकार है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा था कि वह 25 सितंबर को देवीलाल की जयंती से पहले विपक्ष के नेताओं से मिलने की कोशिश करेंगे और उनसे एक मंच पर आने का आग्रह करेंगे।

आज ही जदयू के राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने दावा किया कि बिहार में अगर आज चुनाव हो तो जनता दल यूनाइटेड सबसे बड़ी पार्टी की भूमिका में होगी। उन्होंने यह भी कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

# यूपी में फिर महागठबंधन चाहते हैं अखिलेश? कहा- बीजेपी से लड़ना है या समाजवादी पार्टी से, तय कर ले बीएसपी- कांग्रेस



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी के दरवाजे सभी छोटे दलों के लिए खुले हुए हैं और बीजेपी को हराने के लिए वे ऐसी सभी पार्टियों को साथ लाने की कोशिश करेंगे। पिछले चुनावों में गठबंधन सहयोगी रहीं पार्टियों कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की ओर एक बार फिर हाथ बढ़ाते हुए उन्होंने यह तय करने को कहा है कि वह किस पक्ष में हैं। अखिलेश यादव ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा, ''इन पार्टियों (बीएसप-कांग्रेस) को तय करना चाहिए कि उनकी लड़ाई बीजेपी से है या समाजवादी पार्टी से?'' आगामी चुनाव में गठबंधन की संभावनाओं को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने कहा, ''सभी छोटे दलों के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। कई छोटे दल हमारे साथ पहले से हैं और हमारे साथ आएंगी।''

यह पूछे जाने पर कि उनके चाचा शिवपाल यादव की पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है? अखिलेश यादव ने कहा, ''हम कोशिश करेंगे कि सभी पार्टियां बीजेपी को हराने के लिए एकजुट हो जाएं।'' ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एबीएसपी) की अगुआई वाली भागीदारी मोर्चा, जिसमें असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी शामिल हैं।

### केरल में कम नहीं हो रहा है कोरोना का कहर, पड़ोसी राज्यों ने आने-जाने को लेकर कड़े किए नियम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल में कोरोना के मामले बढ़ने के साथ पड़ोसी राज्यों ने यहां से लोगों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले पांच दिन में केरल में एक लाख से ज्यादा कोरोना केस आ चुके हैं। इसके बाद तमिलनाडु और कर्नाटक ने यहां से आने वालों के लिए नियम कड़े कर दिए हैं। तमिलनाडु ने पांच अगस्त से केरल से आने वालों के लिए आरटीपीसीआर टेस्ट अनिवार्य कर दिया है। वहीं कर्नाटक ने सिर्फ उन्हीं लोगों को अपने यहां प्रवेश की अनुमति दी है, जो वैक्सीन लगवा चुके हैं।

# 'पलटकर इतना जोर का थप्पड़ मारेंगे कि...' शिवसेना भवन गिराने की धमकी देने वाले बीजेपी विधायक को उद्धव ठाकरे का जवाब



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि धमकाने वाली भाषा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसे बोलने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने बीजेपी विधायक प्रसाद लाड की टिप्पणी के मद्देनजर यह बयान दिया है जिसमें लाड ने कहा था कि अगर जरूरी हुआ तो मध्य मुंबई में ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के मुख्यालय शिवसेना भवन को ध्वस्त कर दिया जाएगा। हालांकि, बाद में उन्होंने टिप्पणी को वापस ले लिया और खेद व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया ने उनकी बात को संदर्भ से बाहर प्रस्तुत किया था।

यहां बीडीडी चॉल पुनर्विकास परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ठाकरे ने अपनी तीन- पार्टियों वाली महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को ठट्रिपल सीटठ सरकार बताया। सरकार में शिवसेना के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल हैं। हिंदी फिल्म ठदबंगठ के एक डायलॉग को याद करते हुए कि ठथप्पड़ से डर नहीं लगताठ मुख्यमंत्री ने कहा, ठकिसी को भी हमें थप्पड़ मारने की भाषा नहीं बोलनी चाहिए क्योंकि हम इतना जोर का थप्पड़ पलट कर मारेंगे कि दूसरा व्यक्ति अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगा।

उन्होंने चॉल पुनर्विकास परियोजना के लाभार्थियों से परियोजना पूरी होने के बाद लालच में नहीं पड़ने को कहा। ठाकरे ने कहा, ''पुनर्विकास के निर्माणों में मराठी संस्कृति को किसी भी कीमत पर संरक्षित किया जाना चाहिए।

GSTIN : 09AAFTM3349D1ZK
PAN-AAFTM3349D
Reg. No.: 1/2014



मिसकीन सेवा संस्थान ट्रस्ट
Misqeen Sewa Sansthan Trust
(इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 केअन्तर्गत पंजीकृत)
श्रमिको, मजलूमों, गरीबों अनाथो के सेवा में तत्पर
फाउण्डर प्रबन्धकः अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे पत्रकार/ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज
कार्यालय : माण्डा वाली रोड, कोरांव–प्रयागराज,
निवास ग्राम–अल्हवा, देवघाट, कोरांव–प्रयागराज 212306
Mob.: 9450613192
E-mail: miskeenss2014@gmail.com, sahjadekoraon@gmail.com



केसरवानी एण्ड सन्स
नोट- हमारे यहाँ मोबिल, पाइप, पेन्ट, सेनेट्री, हार्डवेयर, दरवाजा टाइल्स, समर सेबुल पम्प, चारा मशीन, बाथरूम फिटिंग इत्यादि उचित मूल्य पर प्राप्त करें।
अनुपम – 8318174147 अनमोल– 6388773491
जी0टी0 रोड, हनुमानगंज, प्रयागराज

Reg. No. U01400UP2021PTC147142
स्थापना वर्ष – 2021
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS



शेषदुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड



अश्वगंधा
अकरकरा
प्रयागराज के किसानो से आग्रह है कि सुनहरे भविष्य के लिए औषधीय पौधों की खेती करके अपनी आय चार गुना ज्यादा बनाने के लिए कम्पनी की सदस्यता ग्रहण करें।
फाउण्डर आर. पी. पाण्डेय LL.B
ग्राम–कबरा, पोस्ट–डीहा, तहसील–करछना, प्रयागराज
रजि. कार्यालय–868/5 कृष्णा नगर, अरैल, नैनी, प्रयागराज
Mob.: 9935613506

प्रकाश हॉस्पिटल
स्वास्थ सेवाओं के लिए 24 घंटे सेवा में तत्पर



निदेशक- डॉ. विजय बाबू यादव
(सदस्य जिला पंचायत)
Mob.: 8858487147
पता–भीरपुर करछना, प्रयागराज

सूफी आशिक बाबा



सभी समस्याओं का निःशुल्क समाधान के लिए संपर्क करें।
नोट : खोए हुए व्यक्ति को हर हाल में मिलाना, ऊपरी बाधा से परेशान और उसका नि:शुल्क समाधान कराना, वैवाहिक जीवन में समस्त कष्टों को दूर कराना, जिन पुरुष व युवती की शादी में किसी प्रकार का कोई रुकावट आ रहा है तो, उसका भी समाधान किया जाता है सभी समस्याओं का समाधान समय से कर दिया जाता है 30 वर्षों का अनुभव प्राप्त।
पता: एडीए कॉलोनी, पुलिस चौकी के पास, नैनी, प्रयागराज
मोबाइल नंबर: 9793403230, 9335128224

# मूसलाधार बारिश से उफनाई पहाड़ी नदियां, पानी से घिरीं बस्तियां

## बिगड़ रहे हालात, बेमरा में तालाब का तटबंध टूटने का खतरा बढ़ा, कई रास्तों और रेलवे अंडरपास में घुटने तक भरा पानी

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़,प्रयागराज।** तीस जुलाई से हो रही अनवरत बरसात से हालात बिगड? लगे हैं। नदी-नाले उफना रहे हैं। टोंस, लपरी सहित तमाम पहाड़ी नाले उफनाए हुए हैं। तालाब ओवरफ्लो होने के कगार पर हैं। यमुनापार की कई बस्तियां ऐसी हैं, जो पानी से घिर चुकी हैं या घिरने के कगार पर हैं। शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग पर कल्याणपुर गांव में बने पुल के ऊपर से पानी बह रहा है। बरसात के साथ चल रही हवाओं की वजह से बिजली आपूर्ति भी चरमरा गई है। पेड़ों के गिरने से कई स्थानों पर तार और पोल टूटने की भी खबर है।

वैसे तो बरसात का सिलसिला 25 जुलाई से ही शुरू हो गया, पर दो दिन रिमझिम फुहारों के बाद आसमान साफ हो गया था, लेकिन 29-30 जुलाई से आसमान पर काले बादलों ने डेरा जमा लिया और अभी तक मैदान नहीं छोड़ा। दो दिन से सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए हैं और बरसात का सिलसिला दिन-रात जारी है। लगातार हो रही बरसात की वजह से अब पानी लोगों के घरों में घुसने लगा है तो तराई वाली आबादी की कई बस्तियां पानी से घिर चुकी हैं। शंकरगढ़-नारीबारी मार्ग पर कल्याणपुर गांव में नदी में पुलिया के दो-तीन फिट ऊपर से बह रहा है। 18 किलोमीटर लंबी इस मार्ग की पुलिया पर पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह बेमरा में स्थित तालाब लबालब हो गया है। यदि एक-दो इंच पानी और आया तो तालाब का तटबंध टूट जाएगा, जिससे हजारों हेक्टेयर खेती जलमगन हो जाएगी। इस तालाब में पीपीजीसीएल का भी पानी आता है। इसी तरह की स्थिति नारीबारी-शंकरगढ़ मार्ग पर स्थित नेता रोड, पूरे बघेल, रामगढ़, सोनवर्षा, अतरी, समदरिया, कसौटा की है। यहां पर पानी की वजह से लोगों का मुख्य सडक़ तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। अनवरत बरसात से जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। कई स्थानों पर बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। शंकरगढ़ क्षेत्र में खोजवा मोड़ के पास एचटी लाइन का तार टूट गया है। निराला नगर समेत तमाम बस्तियों में जलभराव से स्थिति बिगड़ती जा रही है।इसीतरह शंकरगढ़ के कपारी, बेरुई ग्राम में कई घर पानी से घिर गए हैं। लोगों का कहना है कि यह पानी पीपीजीसीएल द्वारा छोड़ा जाता है। पावर प्लांट के लिए गलत तरीके से रेलवे ट्रैक बिछाए जाने से जलनिकासी का सिस्टम ब्लाक हो गया और रेलवे लाइन बिछाते समय कहीं पर भी ड्रेनेज सिस्टम नहीं बनाया गया। पुराने नालों को बंद कर दिया गया। इस वजह से बेरुई समेत कई गांवों में जलप्लावन की स्थिति बनी हुई है। हजारों हेक्टेयर फसल जलमग्न हो चुकी है। इससे नाराज लोगों ने पीपीजीसीएल प्रशासन से गुहार लगाई है। इसी तरह यूपी-एमपी की सीमा पर स्थित गांवों में टोंस नदी के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। एमपी से सटे गांव सतपुरा में टोंस नदी का पानी गांव के करीब पहुंच चुका है।







## जसरा के जारी गड़ैया कला बस्ती में बदहाल मार्ग पर जलभराव से गम ना गमन बाधित

**अखंड भारत संदेश**

**जारी /प्रयागराज।** जसरा विकास खंड के जारी पावर हाउस स्थित हरिजन बस्ती में रोड खराब होने से सोनकर बस्ती के लोगों का आना-जाना दूबर हो गया है । बरसात के मौसम में पानी सड़क पर भरा रहता है।

ऐसे में बच्चे दूसरे के घर से होकर आवाजाही को विवश हैं। हरिजन बस्ती के लोगों ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाया है। कि बारा क्षेत्र के जारी पावर हाउस के सामने गढ़ैया कला हरिजन बस्ती में आज तक 500 मीटर की सड़क नसीब नहीं हुई यहां तक पैदल चलने का रास्ता भी ढंग का नहीं है। यह सड़क पूर्व प्रधान द्वारा बहुत पहले मिट्टी और गिट्टी युक्त बनाया गया था ।उसके बाद से आज तक रोड खराब पड़ी हुई है और नाली की सुविधा भी नहीं है ऐसे में पानी जाए तो जाए कहां इस बस्ती में रोड को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। इसके पहले भी खबरों को प्रकाशित किया गया ।और सांसद व विधायक को भी अवगत कराया गया । इतना ही नहीं जिला पंचायत के माध्यम से भी बनना था लेकिन अभी तक नहीं बन सका है पूर्ण आश्वासन ही दिया गया है ।उसके बाद भी कोई सुध लेने वाला नहीं है ।हरिजन बस्ती के लोगों ने सांसद निधि या विधायक निधि या फिर जिला पंचायत से यह मांग किया है ।कि इस रोड का कार्य जल्द से जल्द रास्ते का निर्माण शीघ्र आरंभ किया जाए।ताकि आम जनमानस के आने-जाने से राहत मिल सके।

# गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा हैं, नदियों के किनारे रहने वालों की चिंता बढ़ी

## बाहरी प्रदेशों के बैराजों और बांधों के छोड़े गये पानी तरहार क्षेत्रों में मचलाई गंगा

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज यमुना और गंगा नदियों ने किनारे रहने वालों की चिंता बढ़ा दी है। गंगा का जलस्तर तेजी के साथ बढ़ रहा है।

गंगा का जलस्तर शनिवार से आठ सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ रहा था जो रविवार को 10 सेमी हो गया। गंगा में जलस्तर वृद्धि शनिवार शाम से ही दो सेमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ी। चौकी, बगहा, उपरौड़ा, सिरसा, छतवा, बिजौरा, पकरी, परानीपुर, बारा-दशरथपुर, रैपुरा, मदरा मुकुंदपुर, परवा सहित अन्य तरहार क्षेत्रों में गंगानदी के जलस्तर में तेजी के साथ वृद्धि हो रही है। तराई क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इसी तरह से तेजी के साथ जलस्तर में वृद्धि होती रही तो दो-तीन दिनों में गंगा का पानी तरहार क्षेत्र में पहुंच सकता है, फिलहाल गंगानदी का पानी नालों तक पहुंचने लगी है।



रैपुरा गंगाघट का नाविक धनीराम निषाद के अनुसार गंगानदी में बाढ़ तेजी पर है लेकिन पिछले वर्ष से अभी कम है। पिछले वर्ष पीपल के पास तक गंगानदी का जल पहुंच गया था लेकिन अभी तो करार में ही पानी है। लेकिन इसी तरह भारी वर्षा होती रही तो वह दिन दूर नही जब खतरे से बाहर हो सकती हैं।

## जसरा में दो दिन की बारिश से गांव बन गए टापू

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** जसरा क्षेत्र में लगातार दो दिन से हो रही भारी बारिश से एक ओर जहां गांव व खेतों में लबालब पानी भरा हुआ है। वहीं दूसरी ओर गांव के रास्तों में पानी भर जाने से रास्ते पूरी तरह से बंद हो चुके हैं तथा दूर-दूर तक पानी के भर जाने से सड़क नजर नहीं आ रही है।

शनिवार दोपहर से जब बारिश शुरू हुई तो पूरी रात तेज बारिश होती रही। रविवार को सुबह जब लोग सो कर उठे तो बाहर का नजारा देखकर दंग रह गये। तातारगंज गांव के बाहर चारों ओर बारिश का पानी भरा हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसा लग रहा है कि जैसे गांव के बाहर कोई नदी बह रही हो। खेतों में इतना अधिक पानी भर गया है कि खेत और उसमें धान के रोपे गये पौधे दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। वहीं गांव को जाने वाले सभी रास्तों पर डेढ़ से दो फीट पानी भर गया है। बारा से चितौरी जाने वाले मार्ग पर बारिश का पानी भर जाने के कारण इस मार्ग पर पड़ने वाले गांवों के लोग घरों में कैद हो गए हैं। संपर्क मार्ग पर चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई पड़ रहा है। बारा से जाने वाले मार्ग पर स्थित स्थित सरसेड़ी, तातारगंज, मरुआ, चितौरी, सेन्धुवार, भीटा आदि गांवों का आवागमन इस समय पूरी तरह से ठप हो गया है।



# बरसाती कहर, पुलों के अभाव में दिन दिन भर आवागमन ठप

## अब तक भोगन पुल पर नाव पलटने से जा चुकी है कई जानें और देवघाट सेवती नदी पर भी बह के मर चुके हैं कई लोग

### नेताओं के प्रयास और आश्वाशन पर भी नहीं बन पा रहे पुलों का उच्चीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** कोरांव के विभिन्न इलाकों में स्थित नदी नालों और बड़ी नदियों पर बने पुल कम ऊंचाई के कारण बरसात में आने वाली बाढ से आए दिन आवागमन बाधित तो होता ही है,साथ ही कई लोग मौत के शिकार भी हो चुके है,किन्तु पुलों की उच्चीकरण का कार्य लोक निर्माण या सेतु निगम द्वारा सरकार नहीं बनवा रहा है।

बता दें कि बेलन नदी का भोगन में बना पुल काफी नीचे बना है जिससे बरसात में बाढ के कारण पुल पूरा डूब जाता है,है साल उक्त पुल पर निरन्तर दो तीन दिन तक बाढ से प्रभावित लोग नाव के सहारे कोरांव आदि जाने के लिए पार उतरते है,पिछले साल नाव पलटने से कई जाने जा चुकी है। इस बाबत प्रशासनिक अधिकारियों ने व विधायक कोरांव राजमणि कोल व ब्लाक प्रमुख राम अवध कुशवाहा ने डिप्टी मुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्या को पत्र लिख कर पुल ऊंचा कराने की मांग की थी। किन्तु भी तक कोई अमली जमा नहीं पहनाया जा सका।इसी प्रकार केडी मुख्य स्टेट हाईवे मार्ग पर स्थित देव घाट अल्हवा के बीच बार्डर पर सेवती नदी का लघु पुल बरसात में बेलन नदी के ठेकने से दिन दिन भर आवागमन बाधित रहता है। अब तक दो तीन जाने उक्त पुल नीचा होने के कारण है चुकी है।

फिलहाल इस समय उक्त मुख्य मार्ग कोरांव से देवघाट बाया डूमंड गंज तक चौड़ीकरण हों रहा है। किन्तु पुलिया काफी नीचे है,जिसे लोक निर्माण विभाग को उक्त पुलिया मार्ग के हिसाब से ऊंचाई किया जाना आवश्यक है। अन्यथा बिना ऊंची पुलिया बनाए लोगों का आवागमन व इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित ही रहेंगी।इसी प्रकार बड़ोखर के तुंडियारी नदी पर स्थित दो पुल बरसात से प्रभावित रहते है। इस समय चारों ओर से न्याय पंचायत बड़ोखर व महुली के इलाके बाढ से घिरे हैं। आवागमन ठप है। गावों में भी बाढ से काफी मकान ढह गए हैं। स्कूलों में गांव घरों में पानी भर गए है।





**क्या बोले लोग...**

कोरांव के भोगन में बेलन नदी के पुल को ऊंचा नहीं किया गया तो निश्चय ही हमेशा की तरह लोगों की जाने जाती रहेगी। साथ ही दो तीन दिनों तक बाढ के कारण पुल नीचा होने से जिला व तहसील मुख्यालय के आवागमन प्रभावित रहते है इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित रहती है। जिससे कई लोग अस्पताल पहुंचने के पूर्व मुल्के अदम पहुंच जाते रहते हैं।



**सूर्य कांत तिवारी एडवोकेट**
**बड़ोखर कोरांव प्रयागराज**

**बोले विधायक कोरांव...**

भोगन पुल को ऊंचा बनाने के लिए मैंने पत्र से व मौखिक रूप से भी विभागीय व मुख्यमंत्री जी से मिलकर पत्र दिया है। आज पुनः विभागीय इंजीनियरों के साथ बैठ कर अग्रिम कार्यवाही के लिए वार्ता कर रहा हूं। साथ ही अल्हवा के पुलिया को ऊंचा करने के लिए भी पत्र लिख रहा हूं और व्यक्तिगत भी कह रहा हूं। साथ ही कोलन बस्ती के लिए मार्ग निर्माण हेतु भी डेढ़ किलोमीटर के लिए विभाग को संस्तुति कर रहा हूं।



**राजमणि कोल**
**भाजपा विधायक कोरांव, प्रयागराज**

केडी मुख्य मार्ग पर स्थित सेवती नदी की पुलिया को यदि ऊंचाई में नहीं बनाया गया तो आवागमन ठप रहता ही है,साथ ही हर साल कोई न कोई जन से जाता ही रहता है। इस लिए जिला प्रशासन से मांग है कि मेरे ग्राम सभा छेत्र में स्थित सेवती नदी की पुलिया ऊंची बनाई जाए,इसका स्टीमेट तत्काल बने।



**शहजादे**
**ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव, प्रयागराज**

## जबरेश्वर मिश्र की जयंती से शुरू होगी साइकिल यात्रा

**सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव के नेतृत्व व निर्देशानुसार यूपी के हर जिले में होगी साइकिल यात्रा**

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज समाजवादी आंदोलन क्रांतिकारी प्रखर नेता छोटे लोहिया स्वर्गीय जनेश्वर मिश्रा की जयंती जन्मदिन दिवस पर विशाल साइकिल यात्रा समाजवादी पार्टी के नेताओ द्वारा रथ यात्रा के बाद अब पाँच अगस्त शुक्रवार को साइकिल यात्रा निकालेगे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश के हर जिले के अन्तर्गरत हर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गरत तहसील अस्तर मुख्यालय तक पांच से दस किलोमीटर तक साइकिल यात्रा निकाली जाएगी। पांच अगस्त के दिन समाजवादी आंदोलन प्रखर राजनेता छोटे लोहिया जानेश्वर मिश्रा का जन्मदिवस हैं। जानेश्वर मिश्रा के जन्मदिवस पर उनके समाजवादी आंदोलन समाजवादी विचारधारा को साइकिल यात्रा के माध्यम से फोटो के माध्यम से जन-जन के बीच धार दिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा महासचिव द्वारा साइकिल यात्रा की रूप रेखा कर्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

## बारिश तूफान में उड़ गए कई घरों के छप्पर, गिर गए कच्चे दीवाल



**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** जहां एक तरफ कोरोना महामारी से लोग उबर नहीं पाए थे वहीं दूसरी तरफ कुदरती कहर के बीच लोग परेशान हैं त् आपको बताते चलें कि दो दिनों से तेज हवाओं के साथ मुसलाधार बारिस ने लालापुर क्षेत्र में तबाही मचा कर रख दिया, अचानक आये तूफान व पानी ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया।

बारिस इतनी तेज थी कि कच्चे घरों में पानी भर गए ।लालापुर के अमिलिया फीडर के पावर हॉउस के कुछ दूर पर कई पोल से विद्युत तार गिर गए त् लालापुर चौराहे पर सुधा देवी पतनी अरवेंद्र पाण्डेय, राजेश पाण्डेय, रामा देवी पतनी गुलाब धार ,माधुरी देवी पतनी राजेश शुक्ला , चाकसूचेर में केशव लाल त्रिपाठी उधर डेरा बारी में पुष्पराज सिंह नौढिया तरहार के ग्रामीणों में भी काफी नुकसान हुआ।लालापुर उपकेंद्र से जुड़े कई गांवों में तार गिरने से विद्युत सप्लाई सुबह से पूरी तरह से ठप है।

आंधी तूफान से तबाही के चलते गांवों में अफरा तफरी का माहौल बना रहा।लालापुर क्षेत्र नंदन, रोहित,गिरीश धर महिला शक्ति जिलाध्यक्ष चित्रकूट ,डेरा बारी के आशीष मिश्र,बड़गड़ी के प्रधान पति शेर सिंह,गोइसरा के रामजानकी कल्याण समिति अध्यक्ष शिवेंद्र पाण्डेय उर्फ ,बसहरा के बलबीर सिंह,चिल्ला के शिव मिश्र,बेलमुंडी के भूपेंद्र मिश्र आदि ग्रामीणों ने बताया कि पहले कभी इस तरह की बारिस नही हुई है।ये पहली बार हुआ कि तेज तूफान के साथ आयी बारिस ने तबाही मचा कर रख दिया है।

## जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के छात्रों का शत-प्रतिशत परिणाम

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** सीबीएसई 12वीं के घोषित नतीजों में भीरपुर घोड़ेडीह करछना में स्थित जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल के छात्रों ने शत-प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं की परीक्षा में विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी सफल विद्याथिर्यों का विद्यालय के निदेशक माननीय डॉ. आर पी पांडे जी ने उत्साहवर्धन किया और साथ में ही विद्यालय के संरक्षक डॉ. के. के .शुक्ला जी और प्रधानाचार्या सुश्री चित्रा भद्रा जी ने

विद्यालय के मेधावियो को बधाई दी। विद्यालय का नाम रोशन करने वालो में विज्ञान वर्ग से आदर्श शर्मा-88.8 प्रतिशत, स्वपिन्ल-87.8 प्रतिशत, प्रियांशु त्रिपाठी -84 प्रतिशत,रचिता पटेल-84 प्रतिशत,कोमल मिश्रा-83.6, वही वाणिज्य वर्ग से विश्वजीत दुबे ने-87 प्रतिशत अंकों के साथ सफलता प्राप्त की।



## नगदी जेवरात समेत विवाहिता बच्ची को लेकर हुई फरार, मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके केएक विवाहिता घर के सारे जेवरात और नगदी साथ मे बच्ची को लेकर युवक के साथ फरार हो गयी । विवाहिता के पिता ने थाने में नामजद तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज कराया है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक व्यक्ति का कहना है कि उसने अपनी पुत्री की शादी 2014 में प्रतापगढ़ के थाना बाघराय के ग्राम पांडेय का पूरा में किया था। जिससे एक पांच साल की लडकी भी है ।उक्त व्यक्ति का यह भी कहना है कि उसकी पुत्री 29 जुलाई को हमारे घर आयी और 30 जुलाई को एक युवक के साथ हमारे घर का सारा जेवर और नगदी लेकर मय पांच साल की बच्ची को साथ मे लेकर भाग गयी।

विवाहिता के पिता ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी कर पंकज कुमार विश्वकर्मा पुत्र शंकर लाल निवासी ग्राम केशव राम का पूरा (रामदासपुर) थाना होलागढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच कर रही है।

# नदी नाले के नाम पर कृषि योग्य जमीनों की नवइय्यत बदलने की जरूरत

## मुख्यमंत्री जी और जिलाधिकारी को प्रधान ने विधायक के जरिए लिखा पत्र

### अल्हवा ग्राम सभा में सैकड़ों बीघा जमीन अतिक्रमित

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** तहसील कोरांव के ग्राम सभा अल्हवा में नदी नाले आदि के नाम पर भू अभिलेखों में अंकित जमीनों पर सरहांगो द्वारा अनाधिकृत कब्जा कर अनावश्यक लाभ उठा रहे लोगों के दृष्टि गत ग्राम प्रधान/ चेयरमैन भूमि प्रबन्धक समिति ने जिलाधिकारी,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को एक पत्र लिख कर उक्त प्रकार की कृषि योग्य भूमि की नवइय्यत बदलने की मांग की है। जिससे भूमि हीन गरीब श्रमिक मुशहर दलितों आदि को जीविका चलाने हेतु पट्टा किया जा सके।

ग्राम प्रधान अल्हवा कोरांव शहजादे पत्रकार ने बताया कि भू अभिलेखों में नदी नाला आदि के नाम पर दर्ज जमीनें ज्यादातर कृषि योग्य है। जिस पर ग्राम के सरंगों का अनाधिकृत कब्जा है। इस लिए कृषि योग्य ऐसी जमीनों को पात्रों में आवंटित किए जाने हेतु साशन स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है। जिससे गरीबों भूमिहीनों का कल्याण हो सके। इस सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी कोरांव से भी आग्रह किया गया है। उक्त कार्यवाही से काफी गरीबों भूमिहीनों श्रमिकों को लाभान्वित कर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकेगा।

# चौबीस घंटे की बारिश ने मचा दी तबाही, घरों में घुसा पानी लोग परेशान

## कोरांव क्षेत्र के रत्योरा महुआव मार्ग पर पानी के तेज बहाव से आवा गवन बाधित

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** सप्ताह भर के अन्दर रुक रुक बारिश होने बाद चौबीस घंटों से लगातार बारिश से तवाही मचा दिया है। कोरांव इलाके में बारिश से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त है। कोरांव क्षेत्र में दो दिन से लगातार बारिश होने की वजह से रोड पर तेज बहाव होने की वजह से आवा गवन बाधित हो गया।

रत्योरा महुआव मार्ग पर रत्योरा व नैड़ी लापर पर बने पुलिया के ऊपर पानी के बहाव के कारण आवा गवन भी बाधित हो गया है। नैड़ी गाँव के नाले पर बनी पुलिया बरसात में जानलेवा साबित हो चुका है।फिर भी जिम्मेदार अधिकारी मुलदर्शक बने हुए हैं। दो साल पहले तेज बरसात होने के कारण नैड़ी में बने पुलिया के ऊपर से पानी की तेज रफ्तार बहाव होने के कारण प्रयागराज के मोबाइल के कूपन के बिक्रेता रत्योरा की तरफ से घर वापस जा रहा था किंतु नैड़ी पुलिया तेज बहाव के कारण



मोटरसाइकिल सवार सहित बह जाने से उस ब्यक्ति की जान चली गयी थी।उसके बाद भी आजतक पुलिया की जगह रपटा नही बनाया जा सका।

चौबीस घंटे से बारिश होने कारण रत्योरा महुआव मार्ग पर रत्योरा नार में बनी तीन पाइप की बनी पुलिया तेज बरसात होने के कारण सड़क के ऊपर तेज बहाव और रोड के किनारे बने घरों में पानी घुसने के कारण घर भी जमिनध्वस्त हो गया है।किसानों की फसल का भी नुकसान होता हुआ नजर आ रहा है।रत्योरा करपिया ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा ने सुबह ही ग्रामीणों की सूचना मिलते ही मौके पर पहुँचकर प्रधान ने फोन से कोरांव एसडीएम अभिनव कनौजिया से बरसात से सड़क के ऊपर तेज रफ्तार पानी बहाव की जानकारी दी एसडीएम के आदेश पर नवनिर्वाचित प्रधान शशिकांत ने पानी के निकासी के लिए रोड को खुदाई करवा दी ग्रामीणों ने प्रधान के कार्य को सराहा।

ग्राम प्रधान शशिकांत ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकर्षित कराते हुए रत्योरा नार पर पुलिया की जगह रपटा बनवाने की मांग की है।जिससे लोगों को आवा गवन से निजात मिल सके।

## लगातार बारिश होने से कई घर हुए धराशायी

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** बीते शनिवार से लगातार चौबीस घंटे बारिश होने के कारण अलग अलग गाँवो में कई कच्चे मकान धराशायी हो गया। बताते चलें कि कोरांव तहसील क्षेत्र के रत्योरा करपिया गाँव निवासी प्रतिमा कुशवाहा पतनी रिशु कुशवाहा रामकृष्ण हरिजन पुत्र नचकाऊ कुशुम कुशवाहा पतनी राकेश कुमार का घर पांच दिन से रुक रुक के बारिश चौबीस घंटे लगातार बारिश होने से कच्चा घर ध्वस्त हो गया। परिजनों के परिवार बाल बाल बचे।रविवार सुबह बारिश होने के कारण पशु राकेश घर के अन्दर दो गाय बधि थी अचानक घर भरभराकर धराशायी हो गया और घर के अन्दर बधि गाय दब गई थी ।पड़ोस वालो ने कड़ी मेहनत के बाद दोनों गायों को जिंदा बचा लिया। इसी प्रकार कोरांव क्षेत्र के टिकर गाँव मे भी भारी बरसात होने की वजह से कई कच्चे मकान धराशायी हो गए। टीकर नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुनील कुमार ने बताया कि बारिश से ऊषा देवी पतनी चन्दन किरन देवी पतनी गिरीश रिंकू देवी पतनी उपेन्द्र कुमार गीता पतनी भरत सिंह मंजू देवी पतनी संतोष शकुंतला देवी पतनी जितेंद्र मीना पतनी परशुराम नागेंद्र पुत्र लक्ष्मन हरेंद्र कुमार परशुराम उर्मिला देवी पतनी राजदेव चिंता देवी पूनम देवी किरन कुमार पुत्र जगतनाथ सिंह सुगन्ती देवी पतनी लक्ष्मन दर्जनों लोगों का घर भारी बारिश की वजह से धराशायी हो गया। इसीप्रकार भगेसर गांव के मजरा लहवा गांव में बारिश के कारण कमला प्रशाद पुत्र राजनारायण का भी रहायसी कच्चा खपरैल मकान धराशायी हो गया।

## लोकतंत्र को जाति के आधार पर की जा रही राजनीति से बड़ा खतरा : रमाशंकर शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से सहसों में एक प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य रमाशंकर शुक्ल ने कहा देश में जाति के आधार पर बनी संगठनों ने राष्ट्र और समाज का विकास नहीं कर सकते ऐसे संगठन जो समाज में विघटन पैदा करने का घृणित कार्य कर रहे हैं। ऐसे संगठन चुनाव आते ही यह कुकुरमुत्तों की तरह यत्र- तत्र अपने निजी हित हेतु किसी न किसी राजनैतिक कल के प्रायोजित एजेंडे पर सक्रिय हो जाते हैं। और समाज को ऐसे गुमराही गैंगो से सावधान रहकर अपने भलाई और देश के विकास में एकजुट रहना होगा। आज समूचा समाज इसकी चपेट में आता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश में जातिगत एजेंडा के आधार पर मेधा के साथ भेदभाव किया जा रहा है। इससे देश का चौमुखी विकास बाधित हो रहा है और मेधावी प्रतियोगी भी विषमता की ओर पर लक्षित करता है जो देश की युवा पीढ़ी इनके हाथों में देश के भविष्य का आविष्कार और एक अच्छे प्रशासक, शासक, डॉक्टर, वैज्ञानिक एवं तमाम प्रतिभा के बीज अंकुरित हैं। उनके मेधा के अनुसार स्वतंत्र रूप से देश के विकास के हित में कुंठित न किया जाए। रमा शंकर शुक्ला ने कहा देश की आर्थिक विषमता का मुख्य कारण एक तरफ करदाता देश के विकास में अपना सकारात्मक भूमिका निभा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ मुफ्त खाता, मुफ्त अनाज समाज के वर्गों को लाचार और इसका आदी होता जा रहा है। जिसमें राजनीतिक दलों में जाति के आधार पर वोट बैंक के लालच में उठाये गए कदम देशहित और मुफ्त खाता, मुफ्त अनाज देश को अंधकार की ओर धकेलने में पूरा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा ऐसे में सर्व समाज में विषमता की स्थिति उत्पन्न हो और सब को भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा जैसी



मूलभूत आवश्यकता समाज के सभी वर्गों को उपलब्ध कराना ही मुखिया की नैतिक कर्तव्य होता है। खेद जताते हुए उन्होंने कहा देश में आर्थिक विषमता और जातीय राजनीति के चलते मेघा के साथ किए जा रहे भेदभाव पर माननीय न्यायालय को भी अब अपनी चुप्पी तोड़ना चाहिए। जिससे देश को एक नई दिशा प्रदान करने समाज में सामाजिक समरसता और मेधावी अंकुरण को पूरी तरह विकसित होने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने सभी पत्रकारों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किये।

# बगैर रवन्ना के ट्रकों से ओवरलोड ले जा रहे गिट्टी मिट्टी बालू

अखंड भारत संदेश

**हंडिया।** चाहे जितना भी सख्त कानून आये परंतु बालू व मिट्टी गिट्टी माफिया के आगे सारे सिस्टम फेल नजर आ रहे है। हंडिया सर्किल में तो बालू मिट्टी गिट्टी माफियाओ के पौ बारह है।

बालू मिट्टी माफिया अब हडि़या सर्किल में खुले आम मेन रोड व गांव की रोडो पर बालू व मिट्टी गिट्टी लादकर टक डमफर टैक्टर फर्राटा भर रहे हैं और ट्रैक्टर के माध्यम से बगैर रवनन सप्लाई करते है।क्या हुआ सिस्टम का?क्यों कृषि उपयोग में आने वाले ट्रैक्टर आज बालू मिट्टी माफियाओ के लिए वरदान साबित हो रहे है।क्या जिम्मेदारों को यह नही दिखता की खुले आम सड़क पर बालू और मिट्टी लादकर टैक्टर जा रहे है और सप्लाई की जाती है।बालू घाटों में सैकड़ो ट्रैक्टर फर्राटे मारते नजर आते है।

खेतों और हाईवे से निकली हुई डंप मिट्टी पर जेसीबी मशीन गरज रही है क्या ट्रैक्टर कमर्सिअल उपयोग के लिए है। हडि़या सर्किल में प्रतिदिन सैकड़ो ट्रैकर बगैर रवनन बालू और मिट्टी ढोते टैक्टर नजर आते है। यह खेल शाम सात बजे से भोर चार बजे तक चलता है। क्यों इनपर कार्यवाही नहीं की जाती है।कौन है इसका जिम्मेदार।ऊपरी जांच के कारण दिखावे के लिये एक ,दो ट्रैक्टर पकड़ लिए जाते है।लेकिन कार्य उसी तरह से चलते रहते है।यही है हमारा कानून का सिस्टम क्या इसी तरह से सिस्टम कार्य करेगा।देखते है कानून का सिस्टम रोकथाम कर पाता है कि नही या फिर...

## 3 अगस्त को बृहद टीकाकरण अभियान

**बहरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहरिया मैलहा के 20 गांवो में सरकार के मन्सा अनुरूप कोविड-19 माइक्रो प्लान के तहत टीकाकरण किया जाएगा।जिससे बहरिया ब्लाक के अंतर्गत आने वाले गांवों के लोगों को टीकाकरण कराने में असुविधा न हो सके तथा अधिक से अधिक लोग इस टीकाकरण का लाभ उठा सकें।इस महामारी की तीसरी लहर से बचाव कर सके। कोविड-19 टीकाकरण अभियान लहटी, तुलापुर, सोपराबारा, बस महुआ, तिवारीपुर, करनाईपुर,सिसई सिपाह, बजाही, कटनई, बरचनपुर, भौका, बर्जी, पूरे फैजशाह, महुली,हेतापट्टी, पैगम्बर पुर, बडौरा, किराव, खानपुर, बुआपुर,आदि गांव में स्थित प्राथमिक विद्यायालयों में टीकाकरण कैंप लगेगा।

# सेवाकाल में किए गए उत्कृष्ट कार्य से व्यक्ति सदैव अविस्मरणीय रहता है

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहसों में रविवार को स्वास्थ्य निरीक्षक एचवी आशा गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर कर्मचारियों ने उन्हें नम आंखों से विदाई करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे ग्राम प्रधान सहसों विष्णु केसरवानी ने कहा सेवाकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्य सदैव लोगों के दिलों में अविस्मरणीय रहते हैं। उन्होंने कहा रात दिन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मृदुल भांषी हमेशा दूसरों के प्रति सहयोग



की भावना रखने वाली आशा गुप्ता हमेशा रोगियों के प्रति समर्पित रहीं। उनके इस सेवा भाव एवं स्वास्थ्य के लिए सदैव तत्परता लोगों के दिलों में सदैव जीवंत रहेगा। इस अवसर पर समाज सेवी प्रकाश चन्द्र केसरवानी, फार्मासिस्ट कंचन पांडे, स्टाफ नर्स रोमी सिंह, आभा राय, त्रिलोकी सिंह, योगेंद्र सिंह, निदीष गुप्ता, प्रेमा देवी, संगीता, अरविंद आदि उपस्थित रहे।

# गंगा स्वच्छता शपथ ले कर किया पखवाड़े का शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र द्वारा कियांवित नमामि गंगे परियोजना प्रयागराज के अंतर्गत रविवार को रसूलाबाद के गंगा घाट पे जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने गंगा स्वच्छता पर शपथ व श्रमदान कार्यक्रम आयोजित कर पखवाड़े का शुभारंभ किया त् स्वच्छता के लिए शपथ समारोह हुआ जिसमें वहा के निवासी लोगो ने भागीदारी की और शपथ लेकर यह संकलप लिया की वह भारत को स्वच्छ बनाएंगे और अपना घर गांव पूरा भारत समाज को स्वस्थ रखने के लिए स्वच्छता में अपनी भागीदारी देंगीं।

डीपीओ ने गंगा के तट पर पालीथीन का प्रयोग न करने के लिए आग्रह किया गया और लोगों को जल संरक्षण और पुराने माला



फूलों को गंगा में न डालने के लिए भी लोगों से आग्रह किया गया ि इस कार्यक्रम में आये सभा सद मुकुंद तिवारी ने शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को हाथ खड़ा कर स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि गांधी जी का सपना था कि भारत एक स्वच्छ और साफ-सुथरा देश बने। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यही चाहते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि हम अपने आसपास को स्वच्छ रखते हैं तो अनेक बीमारियों से भी बचते हैं। इससे हमारे देश की छवि भी सुधरती है त् कार्यक्रम में विश्वनाथ सिंह , नरसिंह बादपुर, गंगा दूत आलोक तिवारी,ओम प्रकाश, शुभम सिंह राणा, रामलोक सिंह, उदय भान सिंह सहभागीता रही।

## नाथ पंथ साहित्य के आईने में

**प्रयागराज।** नाथ पंथ साहित्य के आईने में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए नाथ पंथ के मनीषी उड़ीसा के महंत शिव नाथ योगी तथा उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो गिरीश चंद्र त्रिपाठी , वाणी प्रकाशन दिल्ली के प्रबंध निदेशक अरुण माहेश्वरी और नाथ संप्रदाय साहित्य के लेखक डॉअरुण कुमार त्रिपाठी।

कार्यक्रम का संचालन आशीष चतुर्वेदी कार्यक्रम अधिशासी प्रसार भारती ने की

## सेना के जवान से 8.20 लाख की ठगी में दो गिरफ्तार, पोर्टल के जरिए बनाते थे लोगों को शिकार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पुलिस ने ऑनलाइन पोर्टल के जरिए लोगों को शिकार बनाने वाले दो साइबर ठगों को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। दोनों ने शिवकुटी में रहने वाले सेना के जवाब मणिप्रसाद से भी 8.20 लाख की ठगी की थी। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने कई अन्य लोगों को भी अपना शिकार बनाया। पुलिस अफसरों ने बताया कि उन्हें जेल भेज दिया गया है।

भुक्तभोगी जवान ने शिवकुटी थाने में 2018 में अपने साथ हुई ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और बाद में मामला क्राइम ब्रांच में ट्रांसफर हो गया। क्राइम ब्रांच ने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि वारदात के पीछे ऐसा गिरोह है जो लॉटरी निकलने के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी करता है। सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने शनिवार को दिल्ली जाकर अजय कुमार जाटव उर्फटेढ़ा निवासी प्रह्लादपुर साउथ ईस्ट दिल्ली व मानसिंह मीण निवासी नंदौली करोली जनपद राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया।

दोनों को कोर्ट में पेश किया गया और फिर ट्रांजिट रिमांड बनवाकर शहर लाया गया। जहां कोर्ट की अनुमति से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह लोगों को लॉटरी, प्राइजमनी का झांसा देकर अपनी बातों में फंसा लेते थे। इसके बाद उनसे प्रोसेसिंग चार्ज, टैक्स आदि के बहाने ऑनलाइन खातों में रकम जमा करा लेते थे। शिवकुटी निवासी सेना के जवान को भी उन्होंने 3.35 करोड़ की लॉटरी निकलने का झांसा दिया था। फिर विभिनन्‍ शुल्क के नाम पर 8.20 लाख रुपये खाते में डलवा ली थी। एसपी क्राइम आशुतोष मिश्र ने बताया कि दोनों को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है।

## दो नशे के सौदागर गिरफ्तार, गांजा बरामद

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली पुलिस ने भंडरा तिराहे के समीप जरिए मुखबिर की सूचना पर दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नशीला पदार्थ बरामद करते हुए चालान कर दिए। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली से संबंधित मामा भांजा पुलिस चौकी प्रभारी जगदीश कुमार को रविवार को जरिए मुखबिर से सूचना मिली कि भड़रा तिराहे के समीप दो नशे के सौदागर मौजूद हैं। सूचना मिलते ही वह दलबल के साथ वहां पर पहुंचे और घेराबंदी करते हुए उक्त दोनों को गिरफ्तार कर कोतवाली उठा लाए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में ओम प्रकाश गुप्ता पुत्र दिलीप कुमार गुप्ता व सूरज पुत्र ज्ञानेश्वर शामिल हैं और दोनों के कब्जे से लगभग 1 किलो 100 ग्राम नशीला पदार्थ (गांजा) बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिए।

## पुलिसकर्मी के निर्माणाधीन मकान से हजारों की चोरी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के जेल रोड के समीप एक पुलिसकर्मी के निर्माणाधीन मकान से चोरों ने मौका पाते ही हजारों रुपए के उपकरण पर हाथ साफ कर फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के दुबे तालाब निवासी राघवेंद्र यादव विंध्याचल में पुलिस विभाग में हेड मुहर्रम पद पर तैनात हैं। वह इन दिनों जेल रोड पुलिस चौकी के अंतर्गत चीनी मिल के समीप मकान का निर्माण करा रहे हैं। बीते दो दिन पूर्व चोर मौका पाते ही निर्माणाधीन मकान से एक गैस सिलेंडर व साइकिल पर हाथ साफ कर फरार हो गए। मामले की तहरीर जेल रोड पुलिस चौकी पर दी गई है।

# ढाई साल से पार्किंग में खड़ी हैं दो कारें, कार की आधी कीमत के बराबर हुआ किराया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में बने मल्टीलेवल पार्किंग में करीब ढाई साल से खड़े दो कारों का पार्किंग शुल्क कार की आधी कीमत के बराबर पहुंच गया है। कई बार



पार्किंग का ठेका बदल जाने के कारण कार का रसीद, रिकॉर्ड और टोकन भी गायब हो गया है। अब एक शख्स ने दावा किया है कि यह दोनों कारें उसकी हैं लेकिन उसने इसका बकाया ढाई लाख देने से साफ मना कर दिया है। पार्किंग ठेकेदार का आरोप है कि कथित कार मालिक ने कार का बकाया मांगने पर धमकी दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।मल्टीलेवल पार्किंग में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। एक शख्स ने कोरोना महामारी की पहली लहर के दौरान 2019 में पार्किंग में अपनी दो कारें खड़ी कर दी थीं और 100-100 रुपये की दो रसीदें भी दोनों कारों की कटवाई थीं। इसके बाद उस शख्स का पता नहीं चला। दोनों कारों पर धूल की मोटी परत जम गई है। कार जमा करने के रिकार्ड भी ठेकेदार के पास नहीं हैं। अब कार मालिक के द्वारा इसके कागजात दिखाने पर ही पता चल सकेगा कि आखिरकार इसका मालिक कौन है। अजीब बात यह है कि दोनों कारों पर नंबर भी नहीं है और रजिस्ट्रेशन प्लेट भी गायब है। ठेकेदार ने इसकी जानकारी ट्रैफिक पुलिस को दी है और बकाया दिलाने की गुहार लगाई है।

### तीसरी कार खड़ी करने को भेजा तो खुला मामला

पार्किंग मैनेजर ने कहा कि वह काफी समय से परेशान थे कि यह दोनों कारें किसकी हैं लेकिन पता नहीं चल रहा था। कुछ दिन पहले एक शख्स तीसरी कार लेकर पहुंचा और कहा कि इस कार को भी पार्क करनी हैं, उसकी दो कारें यहां पहले से ही पार्क हैं। यह सुनकर पार्किंग मैनेजर शशि पांडेय स्तब्ध रह गए। जब उन्होंने दोनों कारों का शुल्क जमाकर उन्हें ले जाने की बात कही तो कार मालिक उखड़ गया और कहा कि वह एक रुपया शुल्क नहीं देगा जो करना हो कर लो और चाहे जिससे शिकायत कर लो। मोहम्मद अशरफ नाम के इस सख्त ने दोनों कारों का मालिक खुद को बताया और धमकी भरे अंदाज में रौब गांठने लगा।

### दोनों गाड़ियों का नहीं हैं कोई रिकार्ड

शशि पांडेय ने बताया कि दोनों गाड़ियां सिविल लाइंस के मल्टी लेवल पार्किंग में 2019 से खड़ी हैं। उस समय पार्किंग का ठेका संतोष इंटर प्राइजेज के पास था। 2019 में ठेका टीएम उपाध्याय को ठेका दे दिया गया। उन्होंने मैनेजर को उन दो गाड़ियों की न तो जमा पर्ची दी और न ही कोई रिकार्ड दिया। अब 31 जुलाई 2021 को ठेका प्रशांत कुमार एंड ब्रदर्श को मिल गया है। ऐसे में इन दोनों कारों का मैनेजर क्या करे कुछ समझ में नहीं आ रहा है। अब तो गाड़ी मालिक के सामने आने और पेपर्स देने के बाद ही यह बात साफ होगी कि दोनों कारें किसकी हैं। कहीं चोरी की तो नहीं हैं? एसपी ट्रैफिक का कहना है कि मामला संज्ञान में है और कार मालिकों का पता लगाया जा रहा है।

## लालापुर पुलिस की गश्त की खुली पोल अपराधियों ने बरसाई गोलियां क्षेत्र में सनसनी

**प्रयागराज।** लालापुर थाना क्षेत्र डेराबारी गांव में देर रात अपराधियों ने पुष्कर नाथ द्विवेदी की ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पहाड़ के लीज को लेकर विवाद चल रहा था गुस्साए अपराधियों ने घर में घुसकर गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया शंकरगढ़ बारा घूरपुर समेत कई थानों की पुलिस फोर्स तैनात की गई बड़ा सवाल यह है कि पिछले कुछ दिनों से यमुनापार की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है लगातार हत्याएं कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ी कर रही है वही लापरवाह थाना प्रभारी पर कप्तान के द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई।

# जब तक सूरज चांद रहेगा, रितेश तेरा नाम रहेगा

## पूरे राजकीय सम्मान के साथ रितेश की हुई अन्त्येष्टि. सीएम 50 लाख रुपये व नौकरी की कर चुके हैं घोषणा

### डीएम-एसपी, सांसद ने दी श्रद्धांजलि



**प्रतापगढ़।** जब तक सूरज चांद रहेगा, रितेश तेरा नाम रहेगा के नारों के साथ 32 वर्षीय रितेश पाल जिनकी हिमाचल प्रदेश में एक दुर्घटना में मौत हो गई थी, की अन्त्येष्टि रविवार को अंतू थाना क्षेत्र के पूरे भइया गांव में पूरे राजकीय सम्मान के साथ की गई। इस अवसर पर सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजकुमार पाल, विश्वनाथगंज विधायक डा0 आरके वर्मा, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता, कांग्रेस नेता नीरज त्रिपाठी, सपा के पूर्व विधायक श्याद अली, पूर्व ब्लाक प्रमुख शांति सिंह के अलावा प्रयागराज से आए सेना के जवानों ने रितेश की अंतिम विदाई के पूर्व पुष्प अर्पित किया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अश्वपूरित नयनों से अपने गांव के लाडले को विदा किया। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में हुई एक दुर्घटना में शहीद हुए रितेश पाल का शव शनिवार को रात आठ बजे यहां आया था। रात में इसे पोस्टमार्टम हाउस में रखा गया था। रविवार को प्रातःकाल पोस्टमार्टम के बाद जब शव पूरे भइया गांव पहुंचा तो पूरा गांव उमड़ पड़ा था। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने रितेश के शव पर पुष्प चढ़ाए। सेना और पुलिस के जवानों ने अपने शस्त्र झुकाकर शव को नमन किया और मातमी धुन बजाई।

बता दें कि रितेश पाल की आकस्मिक मौत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 50 लाख की सहायता तथा एक व्यक्ति की नौकरी की घोषणा शनिवार को ही कर दी थी। आज पूरे राजकीय सम्मान के साथ दाह संस्कार हुआ। गांव के बगल ही हुए दाह संस्कार में मुखाग्नि रितेश के पिता मूलचंद्र तथा पांच वर्षीय बेटे प्रतीक ने दिया। बता दें कि रितेश पाल के दो बच्चे हैं। एक पांच वर्षीय बेटा प्रतीक और तीन वर्षीय बेटी है। पतनी रो-रोकर बदहवास हो गई है।

### शहीद रितेश पाल के अंतिम संस्कार में दिखी भारी अव्यवस्था

**प्रतापगढ़।** रविवार को जब रितेश पाल को श्रद्धांजलि देने के लिये सांसद व विधायक जाने लगे तो वे सभी लोग भारी अव्यवस्था के बीच पहुंचे। सुबह से ही बारिश हो रही थी। इस दौरान अंतिम संस्कार क्रिया के दौरान बारिश से बचाव का कोई इंतजाम नहीं किया गया था। सांसद व विधायक छतरी के नीचे खडे़ होकर अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उधर जलशक्ति मंत्री के प्रतिनिधि पंडित दिनेश शर्मा इस अव्यवस्था पर नाराज हुए। मंत्री प्रतिनिधि पंडित दिनेश शर्मा ने कहा कि वह जलशक्ति मंत्री से अव्यवस्था की शिकायत करेंगे। उनका आरोप है कि प्रशासन के अधिकारियों ने सेना के जवान के अंतिम संस्कार को लेकर जिले का कोई बड़ा अफसर गम्भीर नहीं था। शहीद के घर तक दलदल से लोग गुजरते हुए गये। कीचड़ की वजह से अंतिम संस्कार स्थल पर गंदगी का अंबार दिखा।

## शिकायत करने पर पीड़ित को पीटने वाले आरोपियों पर पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

### 24 जुलाई को गो तस्करी की शिकायत करने पर पीड़ित की हुई थी पिटाई

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गो तस्करी को लेकर पुलिस से शिकायत करना पीड़ित को महंगा साबित हुआ। आरोपियों ने शिकायत से खफा होकर उसके घर में घुसकर मारपीटा तथा घरेलू सामान में तोड़फोड़कर नुकसान भी पहुंचाया। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि लालगंज कोतवाली पुलिस उसका मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है।

कोतवाली के भागीपुर गांव के संतोष कुमार मिश्र पुत्र ब्रम्हाप्रसाद मिश्रा ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीती ग्यारह जुलाई को सुबह करीब छह बजे गांव के कुछ आरोपी ट्रक पर गोवंश लादकर तस्करों को बेंच रहे थे। पीड़ित ने गोवंश को बेचे जाने के लिए ट्रक पर मवेशियों की ओवरलोड़िंग का वीडियो बना लिया। पीड़ित ने वीडियों पुलिस को सौंपा। इसके बाद आरोप है कि आरोपियों ने बीती चैबीस जुलाई को उसके घर धावा बोलकर उसे मारापीटा तथा घरेलू सामान में तोड़फोड़ की। पीड़ित को आरोपियों ने मोबाइल पर गाली देते हुए तस्करी की शिकायत पर प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को भी गाली दी है। पीड़ित ने इसका भी आडियो पुलिस को सौंपा है।

पीड़ित का कहना है कोतवाली पुलिस आरोपियों के दबाव में उससे घटना की तहरीर बदलने को कह रही है। पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र के जरिए घटना की जांच कराने और जानमाल की सुरक्षा के लिए फरियाद की है। पीड़ित ने सीओ को भी शिकायती पत्र सौंपा है। सीओ का कहना है शिकायत की जांच के लिए कोतवाली पुलिस को निर्देश दिए गए हैं।



# जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से 1600 लोगों का हुआ टीकाकरण

## लक्ष्मणपुर ब्लाक के आधा दर्जन गांव में हुआ शिविर का आयोजन

**प्रतापगढ़।** जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट ने जिला प्रशासन के सहयोग से कोविड की रोकथाम के लिए जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया। टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण में लक्ष्मणपुर ब्लाक के रानीगंज अजगरा बाजार, साहबगंज बाजार, देवली ग्रामसभा, बहलोलपुर ग्रामसभा तथा कटैया ग्रामसभा के 1600 से अधिक ग्रामीणों को को-वैक्सीन तथा कोविडशील्ड की प्रथम डोज तथा लगभग 250 ग्रामीणों को को-वैक्सीन की दूसरी डोज का लाभ मिला। उक्त टीकाकरण शिविरों के आयोजन में जगदीश मातनहेलिया मेमोरियल ट्रस्ट के युवा मंच के संयोजक नीरज अग्रहरि की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कोविड-टीकाकरण अभियान में सभी आयु वर्ग व सम्प्रदाय के लोगों ने अति उत्साह से भाग लिया। टीकाकरण शिविरों के संयोजन में किशन सोनी, सौरभ पांडेय, विनय मिश्रा, महेश मौर्या, विक्की सिंह, अर्नव गुप्ता, शुभम जायसवाल, दिव्यांशू श्रीवास्तव, संदीप पाल, हैप्पी सिंह, सत्येंद्र सिंह, आर्यन सिंह, कौशल सिंह, अभिजीत सिंह आदि ने अपना योगदान दिया। जुलाई माह में सम्पन्न टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के बाद ट्रस्ट अब द्वितीय चरण की तैयारी कर रहा है, ताकि ग्रामीण इलाकों के अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण का लाभ पंहुचाया जा सके।

# सैनिक चंद्रलोक का शव घर पहुंचने पर मचा कोहराम

## सेना की बटालियन ने दी अंतिम सलामी, नेताओं ने घर आकर दी सांत्वना

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बीमारी से पीड़ित सैनिक की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद शव जब घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। सैनिक के घर परिवार व रिश्तेदार के साथ आसपास के ग्रामीणों ने अचानक हुई मौत पर अफसोस जताते हुए परिजनों को दुख की इस घड़ी में सांत्वना दी। प्रयागराज से सेना की बटालियन ने पैतृक आवास पर आकर सैनिक को अंतिम सलामी दी। इस दौरान क्षेत्र के अनेक नेताओं ने भी घर पहुंच कर दिवंगत आत्मा को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए परिजनों को सांत्वना दी।

कंधई थाना क्षेत्र के सराय नानकार निवासी विजय नारायण तिवारी का बेटा चंद्रलोक तिवारी (26) आर्मी में राजस्थान के जोधपुर स्थित बटालियन पर तैनात था। जहां अचानक उसकी तबियत खराब हो गई, जिसे इलाज के लिए दिल्ली के आर्मी अस्पताल लाया गया। जहां शुक्रवार की रात एक बजे उसकी मौत हो गई। सैनिक की मौत के बाद शनिवार को दिल्ली में सेना के हेड क्वार्टर पर अंतिम विदाई देने के बाद शव घर भेजा गया। रविवार की सुबह पांच बजे सेना के एंबुलेंस से शव घर पहुंचा तो परिजनों सहित आसपास के लोगों में कोहराम सा मच गया।



इस दौरान चंद्रलोक के आवास पर पहुंचकर आसपास के ग्रामीणों ने उसका अंतिम दर्शन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। प्रयागराज से सेना की एक बटालियन ग्रुप कमांडर अनिल कुमार पुनिया के नेतृत्व में सराय नानकार स्थित आवास पर आकर सैनिक को अंतिम सलामी दी, साथ ही ग्रुप कमांडर ने सैनिक की पतनी रुचि तिवारी को तिरंगा भी भेंट किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, योगेश मिश्र योगी, जिला पंचायत सदस्य पूनम इंसान, डीपी इंसान, युवा जनता दल के जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, अंशुमान सिंह, के के शर्मा आदि नेताओं ने घर पहुंचकर जवान चंद्रलोक तिवारी का अंतिम दर्शन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। दोपहर करीब बारह बजे सैनिक चंद्रलोक तिवारी का शव प्रयागराज के रसूलाबाद घाट इस पर अंतिम संस्कार के लिये ले जाया गया ।

### प्रशासन की बेरुखी पर रहा रोष

पट्टी, प्रतापगढ़। सराय नानकार निवासी सैनिक चंद्रलोक तिवारी की मौत की जानकारी के बावजूद जिला तथा पुलिस प्रशासन की बेरुखी पर मौजूद लोगों में रोष रहा ।शनिवार को चंद्रलोक तिवारी की मौत की सूचना के बाद रविवार को घर पर शव आने तथा अंतिम संस्कार के लिये ले जाने तक पैतृक आवास पर ना तो जिला प्रशासन का कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा और ना ही स्थानीय पुलिस ने सहानुभूति दिखाई। ऐसे में गांव में शोक व्यक्त करने वालों ने प्रशासन की इस बेरुखी पर गहरा रोष रहा।

### घायल मोर पर प्रोफेसर ने दिखाई मानवता, कराया इलाज

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, काशी प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष और मुनीश्वर दत्त सनतकोत्तर महाविद्यालय, प्रतापगढ़ में एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अखिलेश पांडेय ने मानवता की मिसाल पेश की। रविवार की सुबह अपने निजी वाहन से काशी में बैठक में प्रतिभाग करने के लिए जा रहे डॉक्टर अखिलेश पांडेय ने रानीगंज के पहले बभनमई के पास देखा कि सड़क के किनारे एक मोर घायल अवस्था में पड़ा हुआ है, जिसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी थी। उन्होंने पक्षी को उठाकर एक घर में रखवाया और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह डॉक्टर सौरभ पांडेय का अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी कार्यालय को भी सूचित किया गया और मोर का इलाज करवाया गया। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचार प्रमुख प्रभाशंकर पांडेय ने दी।

## नगर पंचायत अध्यक्षों की कांग्रेस कमेटी ने की नियुक्ति

**प्रतापगढ़।** उ0 प्र0 कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू द्वारा प्रतापगढ़ जनपद अंतर्गत स्थित नगर पंचायतों में अध्यक्षों की नियुक्ति कर दी है, जिसमें नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज में मो0 शाहरुख खान, अंतू में राकेश पासी, रानीगंज में मो0 जाकिर (मल्लू), पट्टी नगर में बी0के0 सिंह, सुवंसा में सुनील पांडेय, कुण्डा में सुभाष चंद्र साहू, मानिकपुर में अब्दुल वफा और प्रतापगढ़ सिटी में मो0 इमरान को नियुक्त किया गया है।

उक्त नामों की घोषणा करते हुए उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रतापगढ़ जनपद प्रभारी जय करन वर्मा ने कहा कि नगर पंचायतों में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए जिम्मेदारी दी गयी है। आशा है कि आने वाले दिनों में उक्त नगर पंचायतों में कांग्रेस मजबूती के साथ दिखाई देगी। नवनियुक्त नगर पंचायत अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौपते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने आशा व्यक्त की कि कांग्रेस नेतृत्व व प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा की आशाओं के अनुरूप कार्य करते हुए सभी अपने दायित्वों का पालन करेंगे और कांग्रेस को ऊंचाइयों पर ले जाने में भागीदार होंगे।

### विकास कार्य के लिये आई धनराशि की हो जांचः विजय सिंह

**प्रतापगढ़।** यूपी मोटर ट्रांसपोटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष विजय सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र लिखकर विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम के 78 ग्राम सभाओं में ग्राम पंचायत चुनाव वर्ष-2021 ग्राम पंचायतों के दौरान चुनाव प्रभारी प्रशासक सेकेटरी व एडीओ पंचायत द्वारा ग्रामों के विकास के लिये आहरित धनराशि के गबन व भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है। उनका कहना है कि ग्राम सभाओं में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान अपने चहेतों को ही फायदा पहुंचा रहे हैं।

### सीडब्लूसी मेम्बर प्रमोद तिवारी कार्यकर्ताओं से आज करेंगे मुलाकात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास विधान सभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। श्री तिवारी दिन में डेढ़ बजे तक अपरान्ह ढाई बजे तक सांगीपुर के गांधी इंटर कालेज में कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके पूर्व श्री तिवारी ननौती, मंगापुर, पूरे लोका, उपाध्यायपुर, पूरे पयाग व गुरू बक्श का पुरवा में जनसम्पर्क के साथ सवां तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में सावन के दूसरे सोमवार पर दर्शन पूजन करेंगे।

# कहानियाँ भूले-भटके समाज को आईना दिखाती हैं : डॉ0 दयाराम मौर्य

## प्रेम कुमार के तीसरे कहानी संग्रह दो मुट्ठी चावल का हुआ लोकार्पण

**प्रतापगढ़।** पूरे ईश्वरनाथ शांति भवन में सृजना साहित्यिक संस्था के तत्वावधान में जिले के साहित्यकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम द्वारा रचित कहानी संग्रह दो मुट्ठी चावल का लोकार्पण हुआ। इसमें कुल 24 कहानियाँ हैं।

अध्यक्षता करते हुए समीक्षक-साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रतन ने कहा कि प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम की कहानियाँ भूले-भटके समाज को आईना दिखाती हैं। मुख्य अतिथि अनिल प्रताप त्रिपाठी ने कहा कि प्रेम कुमार त्रिपाठी की कहानियाँ आधुनिकता की अंधी दौड़ में सुकून प्रदान करने वाली हैं। विशिष्ट अतिथि रोशनलाल ऊमर वैश्य ने प्रेम कुमार त्रिपाठी की 24 कहानियों की तुलना राष्ट्रीय ध्वज में बने अशोक चक्र की 24 तीलियों से की। सरस्वती वंदना तथा संचालन राधेश्याम दीवाना ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने कहा कि दो मुट्ठी चावल मेरा तीसरा कहानी संग्रह है जो कोरोना काल में लिखा गया है। अति विशिष्ट अतिथि राजेश कुमार मिश्र ने प्रेम कुमार त्रिपाठी को बहुमुखी प्रतिभा का धनी बताया। इस अवसर पर राजेश कुमार मिश्र, श्रीनाथ मौर्य सरस, राधेश्याम दीवाना, कुंजबिहारी लाल मौर्य काकाश्री, रामचन्द् उपाध्याय, शशि मौर्य ने अपने विचार रखे। माया त्रिपाठी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।




# जिला उद्योग बन्धु की बैठक में जिलाधिकारी ने उद्यामियों की सुनी समस्याएं

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेट्ट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने अनुदानपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की एवं उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिया।

बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अग्रणी बैंक प्रबन्धक एवं जिला बैंक समन्वयकों को लक्ष्य के सापेक्ष ऋण स्वीकृत एवं वितरण करने के निर्देश दिये। इसी के साथ बैठक में जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल की भी समीक्षा की गई व सम्बन्धित विभागों को स्वीकृति, अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अनुमोदन आनलाइन पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से ही करने के निर्देश दिये। बैठक में उद्यमियों द्वारा जीजीआईसी व पंजाबी मार्केट में 11000 केवी विद्युत लाइन को शिफ्ट करने का मुद्दा उठाया जिस पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को अतिशीघ्र नियमानुसार कार्रवाई करते हुये समिति को अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक में एक जनपद एक उत्पाद योजना के अन्तर्गत स्वीकृति उपरान्त बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक चिलबिला द्वारा ऋण न प्रदान करने की शिकायत भी उद्यमियों द्वारा की गई जिस पर जिलाधिकारी ने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। बैठक के उपरान्त जिलाधिकारी ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 10 परंपरागत कारीगरों को प्रशिक्षण उपरान्त प्रमाण पत्र एवं टूलकिट का वितरण किया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया, अग्रणी बैंक प्रबन्धक अनिल कुमार, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार एवं उद्यमियों में मोहम्मद अनाम, रोशन लाल ऊमरवैश्य, दिनेश बरनवाल आदि उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 10 लाभार्थियों को टूलकिट का किया वितरण



### जिले में हुई 41 किमी वर्षा, तापमान भी लुढ़का

**प्रतापगढ़।** रविवार को भोर से ही वर्षा हो रही थी। साथ तेज हवा भी चल रही थी। मौसम बदला-बदला दिखाई दिया। तेज हवाओं से पेड़ गिरने व बिजली के तार टूटने से बिजली अनेक क्षेत्रों की बाधित रही। मौसम विभाग की मानें तो रविवार को 41 मिमी वर्षा हुई है। दिन भर रुक-रुककर वर्षा होने से तापमान भी लुढ़क गया था। रविवार को 32.1 डिग्री अधिकतम तथा 25.4 डिग्री न्यूनतम तापमान रिकार्ड किया गया। शाम को पांच बजे के बाद सूर्य के दर्शन हुए। सूर्य की धूप भी इस बरसात में अच्छी लग रही थी। कुछ लोगों का यह भी कहना था कि फ्रेण्डशिप डे पर सावन की फुआर ने मौसम सुहावना कर दिया।

# चोरी का तार बरामद, आरोपी धराया

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने राजकीय नलकूप कौड़ियाडीह से चोरी हुई रिवोर के दो सौ किलोग्राम तार की घटना को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

कोतवाली के कौड़ियाडीह गांव में उत्तर प्रदेश जलनिगम के राजकीय नलकूप की रिवोर का काम चल रहा है। बीते 30 जुलाई को ठेकेदार देवी प्रशन निवासी ग्राम0 बिल्लूखेड़ा, जिला जींद, हरियाणा जरूरी काम से सांगीपुर गाया हुआ था। रात दो बजे कौड़ियाडीह गांव के रामसेवक पटेल तथा उनके साथ शिवनरेश व सुमित टैक्टर से नलकूप रिवोर के लिए रखे दो सौ किलोग्राम कीमती तार चोरी कर ले जाते दिखे। पीड़ित के शोर मचाने पर गांव के लोग इकट्ठा हो गये तो लोगों ने मौके पर शिवनरेश पटेल पुत्र नन्हे लाल को टैक्टर व तार के साथ धर दबोचा। वही सुमित तथा रामसेवक भाग निकले। सूचना मिलने पर कोतवाली से पीआरवी पहुंची और टैक्टर ट्राली समेत तार भी बरामद कर कोतवाली ले आयी। शनिवार की देर रात ठेकेदार की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया। मामले में पुलिस ने पकड़े गये आरोपी नन्हें लाल के पुत्र शिव नरेश पटेल के खिलाफ विभागीय

### मारपीट की घटना में एकतरफा कार्यवाही का आरोप, एसपी से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय कोतवाली के जूड़ापुर के भूपेन्द्र तिवारी पुत्र इन्द्रदेव ने आरोप लगाया है कि बीती 30 जुलाई को उसे पहले से घात लगाये बैठे आरोपियों ने मारापीटा। आरोपी ने पीड़ित को लाठी डंडे व तमंचे की नोक पर बीस अज्ञात के साथ हमला बोलते हुए उसे तथा उसके परिवार के सदस्यों को चोटहिल कर दिया। पीड़ित का कहना है कि पुलिस को तहरीर देने के बावजूद उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, जबकि उसके विपक्षी से मिलीभगत करके पुलिस ने खुद पीड़ित के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर दिया। पीड़ित का कहना है कि जूड़ापुर में उसके भाई पिन्टू तिवारी की ससुराल है इसलिए खेतीबारी के सिलसिले में वह गांव गया था।

# विधायक के चार मुकदमों में बनी रिमांड, लगेगी चार्जशीट

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** सीजेएम कोर्ट में विधायक विजय मिश्र की पेशी के बाद चार मुकदमों में चार्जशीट की तैयारी में पुलिस लग गई है। कोर्ट से रिमांड बनने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई।

पुलिस सामूहिक दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। कालीन व्यवसायी से रंगदारी मांगने और धमकी देने के मामले में सर्वप्रथम विधायक के खिलाफ औराई में गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई थी। इसके पश्चात कौलापुर निवासी उनके रिश्तेदार कृष्णमोहन तिवारी ने फर्म और भूमि हड़पने के आरोप लगाए थे। इस मामले में विधायक के खिलाफ संगीन धारा में मुकदमा दर्ज किया गया। 18 अगस्त 2020 को विधायक को मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले में गिरफ्तार कर लिया गया।

इसके उन पर ताबड़तोड़ छह मुकदमे दर्ज किए गए। दो मामलों में उनके खिलाफ चार्जशीट भी भेजी जा चुकी है जबकि चार अन्य मामलों में पेशी न होने के कारण रिमांड नहीं बन रहा था। कोरोना संक्रमण के चलते विधायक की पेशी नहीं हो सकी। दो मामलों में तो वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रिमांड बना दिया गया था जबकि दो मामलों में कोर्ट के सामने पेश होना अनिवार्य था। शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच विधायक की पेशी कराई गई और कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। इसके साथ ही विवेचक अब चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में जुट गया है। पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह ने कहा कि विधायक की पेशी के बाद रिमांड बनी है। नियमानुसार रिमांड बनने के 90 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल होनी है। इसके लिए गोपीगंज थाने की पुलिस साक्ष्य जुटा रही है। वहीं दूसरी ओर असलहा लाइसेंस के मामले में डीएम कोर्ट ने दो माह पहले ही विधायक की क्रिमिनल हिस्ट्री गोपीगंज पुलिस से तलब की है लेकिन वह अभी तक उपलब्ध नहीं करा सकी। शुक्रवार को पेशी के दौरान सीजेएम कोर्ट ने भी विधायक की क्रिमिनल हिस्ट्री को तलब किया।

## भ्रष्टाचार से भटक रही स्वनिधि योजना, कार्रवाई की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** डीएम आर्यका अखौरी को लोगों ने प्रार्थनापत्र भेजकर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। भाजपा नेता अवधेश उमर, रमाकांत, राजबहादुर आदि ने आरोप लगाया कि वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के दौर में केंद्र सरकार गरीब रेहड़ी, ठेला और पटरी दुकानदारों का पंजीकरण निकायवार कराकर 10 हजार रुपये का सस्ता ऋण उपलब्ध कराकर स्वरोजगार को बढ़ावा दे रही है। नगर पंचायत और डूडा कार्यालय में तैनात कर्मचारी पूर्व में पंजीकृत दुकानदारों को योजना का लाभ न देकर ऐसे दुकानदारों को लाभान्वित कराया जा रहा है जो उसके हकदार नहीं है। विरोध करने पर भ्रष्टाचार में शामिल कर्मचारी फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। मामले की जांच कराकर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाया जा सका तो विरोध-प्रदर्शन के लिए मजबूर होना पड़ेगा

## डायरिया का प्रकोप, दो दर्जन बीमार

**भदोही।** रुक रुक कर लगातार हो रही वर्षा से नगर में डायरिया लोगों को गिरफ्त में ले रहा है। उल्टी-दस्त की शिकायत मिलने के बाद अलग अलग निजी अस्पतालों में मरीजों का उपचार कराया जा रहा है। नगर के अब्बासनग में सड़क पर पानी लगा हुआ है। जगह जगह कूड़ा डंप हैं। जिससे लोग बीमार हो रहे हैं। लोगों ने बताया कि हुसैन हाशमी, असलम हाशमी, शमा बानो, रिजवान हाशमी, फातिमा बेगम, लल्ली, रेहाना, जुबैदा खातून, गुफरान सहित कुल 25 लोग अलग अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। इस संबंध में सीएमओ डॉ. संतोष कुमार चक ने बताया कि नईबाजार के एक वार्ड में कुछ लोगों को उल्टी-दस्त होने की सूचना मिली है। स्वास्थ्य विभाग की टीम को वहां रवाना कर दिया गया है। मुहल्लेवासियों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा इलाके में साफ-सफाई अभी तक नहीं करायी गई है। ब्लीचिंग युक्त पेयजलापूर्ति कराये जाने की मुहल्लेवासियों ने मांग की है।

# बारिश और तेज हवा से गिरे बिजली के तार-खंभे

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** बारिश संग तेज हवा ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को शनिवार को बेपटरी कर दिया। इसके चलते 30 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। अधिकतर स्थानों पर रात में ही बहाल हो गई, लेकिन अब भी कई जगह लोग अंधेरे में रहने को विवश है।

विद्युत उपकेंद्र वहिदानगर से संचालित अरता फीडर से जुड़े 50 से अधिक गांवों में आपूर्ति होती है। शनिवार को शाम बारिश संग तेज हवा के कारण जर्जर खंभे और तार को कई स्थानों पर टूटकर गिर गए। दरवांसी गांव में लगे जर्जर तार और खंभे टूटने से 50 परिवारों के घरों की आपूर्ति ठप हो गई। बस्ती के अमित कुमार, आशू, मो.नसीम, मो.असलम, भइय्यन, बऊ, गौरशंकर, मंगन विश्वकर्मा, शिवराज, राजकुमार आदि ने बताया कि लगभग 30 वर्ष पूर्व लगे तार-खंभे हल्की बारिश, हवा को नहीं झेल पा रहे हैं। रात में झमाझम बारिश के कारण डीह पर लगा एक खंभा लटक जाने से तीन अन्य खंभों को चपेट में लेकर गिर पड़ा। सुबह से आपूर्ति न होने के चलते पेयजल की घोर किल्लत झेलनी पड़ रही है। बिजली न होने की स्थिति में मोबाइल, इन्वर्टर आदि उपकरण शोपीस बने रहे। वहीं, सौभाग्य योजनांतर्गत तार-खंभे घरों के सामने लगे हैं बावजूद इसके लाभ तीन वर्ष से नहीं मिल रहा है। कारण है कि बस्ती के पश्चिमी छोर पर उपकेंद्र के अधिकारियों ने सर्वे कराकर ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया था जिसे न लगाकर मनमानी ढंग से तार-खंभे लगा दिए गए। गत वर्ष उच्चाधिकारियों से हुई शिकायत पर लाइनमैन ने रामलीला मैदान के पास से गुजरे खंभे में फेस का तार जोड़ दिया और अभी तक अर्थिंग नहीं जोड़ा जा सका। शिवराज ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर नए खंभे लगाकर समस्या का समाधान नहीं नहीं हुआ तो बस्तीवासी एक्सईएन सदर का घेराव करने को मजबूर होंगे। इसी तरह रामकिशुनपुर बसही, चंदापुर, रजमला, शिवनाथपट्टी, मोन, डगडगपुर समेत 30 से अधिक गांवों में आपूर्ति बाधित रही। अवर अभियंता दिलीप कुमार ने कहा कि दो दिन में जर्जर तार-खंभे को बदलवाकर आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

## भाई भाई के बटवारे को लेकर हुए मारपीट में 3 लोग घायल

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** कोतवाली अंतर्गत कौलापुर गांव में जमीनी बंटवारे को लेकर के भाइयों में हुए झगड़े में श्रीनाथ 49 वर्ष , केशवनाथ माली 35, अवधेष माली 24 वर्ष कोतवाली क्षेत्र के कौलापुर गांव निवासी घायल हो गए सभी घायलों का उपचार गोपीगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

## बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से हुआ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** गोपीगंज कोतवाली अंतर्गत नगर के गोपीगंज ज्ञानपुर मार्ग स्थित फूल बाग के पास बैक करते समय बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि गोपीगंज कस्बे के बड़े शिव निवासी नंदलाल सिंह 42 किसी कार्य से ज्ञानपुर गए थे वहां से बाइक से लौटते समय फूल बाग के पास बोलेरो ने उन्हें धक्का मार दिया जिससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने उन्हें निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया।बोलेरो धक्का मारने के बाद भाग गई।

## कार ने बाइक में मारी टक्कर बाइक सवार गंभीर रूप से हुआ घायल

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** कोतवाली अंतर्गत नगर क्षेत्र के ओवर ब्रिज पर शनिवार की देर शाम बाइक से किसी काम से जाते समय पीछे से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार राजकुमार 18 पुत्र शिव चंद जायसवाल नगर के खड़हट्टी मोहाल निवासी गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया घायल अवस्था में आसपास के लोगों ने उसे गोपीगंज स्थित निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया जहां उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

## ऑक्सीजन प्लांट का लोकार्पण हो गया किंतु चालू नहीं हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**सुरियावां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां मैं 30 सैया हेतु ऑक्सीजन प्लांट का मंडला आयुक्त एवं विधायक द्वारा लोकार्पण किए हफ्ता बीत गया किंतु कमरे मेंऑक्सीजन पाइप बिछाने का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। स्वास्थ्य कमिन्यों ने बताया कि कमरे में ऑक्सीजन पाइप दिखाने में कुछ कमियां रह गई है इंजीनियर अभी तक हैंड ओवर नहीं किया है। क्षेत्र के लोगों में खुशी है कि दो वेंटीलेटर मशीन आ गया है शीघ्र स्थापित किया जाएगा। मशीन के आ जाने से गरीब मरीजों को काफी सहूलियत मिलेगी।

## ट्रैक्टर ट्राली का टायर फटने से बाइक सवार घायल

**अखंड भारत संदेश**

**सुरियांवा।** सुरियावां भदोंही सड़क मार्ग के चौथार बाजार के पास रविवार को ट्रैक्टर ट्राली का टायर फट जाने से बाइक सवार 50 वर्षीय रविंद्र नाथ यादव गंभीर रूप से घायल हो गए।

मोढ़ चौकी के अंतर्गत ग्राम चक जीवरानी निवासी रवीन्द्र नाथ यादव बाइक सेसुरियांवा आए थे कार्य करके घर जा रहे थे जैसे ही चौथार बाजार के पास पहुंचेसामने से ट्रैक्टर ट्राली आ रहा था अचानक ट्रैक्टर ट्राली का टायर धड़ाम से बोल उठा और ट्राली का पहिया निकल कर बाइक सवार को जा लगा ।चोट लगते ही गिर पड़े जिससे उनके कमर , हाथ पैर मैं काफी चोटें आई। नागरिकों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए डॉक्टरों ने प्रथम उपचार के करने के बाद रेफर कर दिया। इसी बीच उनके परिजन भी पहुंच गए थे।

## सूअर को बचने में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल

**अखंड भारत संदेश**

**सुरियावां।** स्थानीय विद्युत उप केंद्र के पास रविवार को सूअर के टक्कर से बाइक चालक राय चंद्र सरोज गंभीर रूप से घायल हो गए वही बाइक पर बैठे दो अन्य साथी को मामूली चोटें आई है।

मोढ़ चौकी के ग्राम देईपुर(जगदीशपुर) निवासी राय चंद्र सरोज बाइक से सुरियांवा बाजार आए थे वापस घर जाते समय सामने सूअर आ गया उससे बचने के चक्कर में बाइक सहित फेंका गए। बाइक पर बैठे सुरेश सरोज एवं संजय सरोज जहां मामूली चोटे आई वहीं चालक रायचंद सरोज काफी चोटे आई है उनके कान से खून गिर रहा था। 108 एंबुलेंस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए डॉक्टरों ने प्रथम उपचार के बाद रेफर कर दिया।

# दो सगी बहनों ने बढ़ाया जिले का मान

### बड़ी ने इंटर में तो छोटी बहन ने हाई स्कूल में हासिल किए 89% अंक



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जिले के गोपीगंज जगननथपुर की दो सगी बहन रूपाली तिवारी ने इंटरमीडिएट में 82ज्ञ् जबकि छोटी बहन खुशी तिवारी ने हाई स्कूल की परीक्षा में 89ज्ञ् हासिल करके जहा अपने मां पिता का नाम रोशन किया है। वही दूसरी और अपने जिले का भी मान बढ़ाया है।

बड़ी बहन सरकारी सेवा में उच्च पद पर अपनी जगह बनाना चाहती है। वही खुशी टीचर बनना चाहती है। बेटियों की इस कामयाबी पर उनके पिता इंद्रजीत तिवारी और मां माया तिवारी ने बेटियों का मुंह मीठा कराया। और कहा की अपनी मेहनत और ईश्वर के आशीर्वाद से ये आगे और भी सफलता हासिल करे हमें अपने बेटियों पर नाज है। इसके साथ ही दोनो बहनों को पड़ोसी और रिश्तेदारों ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं।



# माधव ज्ञान इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों ने स्कूल का नाम किया रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में शत प्रतिशत रहा त् आपको बताते चलें कि माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज में हाई स्कूल के कुल पंजीकृत छात्र 198 में 198 छात्रों ने परीक्षा दी जिनमें से सभी प्रथम



श्रेणी में सफल हुए , तथा इंटरमीडिएट में कुल पंजीकृत छात्र 246 थे 241 ने परीक्षा दी जिसमें सभी प्रथम श्रेणी में सफल हुए त् विद्यालय का शत-प्रतिशत अंक आने पर छात्र छात्राओं के साथ विद्यालय के समस्त स्टाफ खुश रहे त् इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष, प्रबंधक,कोषाध्यक्ष,एवं सदस्यों तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने विद्यालय में स्थान प्राप्त किए छात्र छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किए तथा मंगल भविष्य की कामना की।

# बारिश से बिधवा गरीब महिला का आशियाना जमीदोह

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से कच्चे मकानों का जमीदोह होने का सिलसिला शुरू हो गया है, क्षेत्र गांवो में कच्चे मकान रहने वाले लोगों के लिए बारिश मुसीबत बन गयी है, इसी क्रम में रविवार भोर की तेज़ बारिश में रोकडी गांव की लक्ष्मी देवी स्व0 देवी प्रसाद जो कि विधवा है ।उनका मकान बारिश के चलते गिर गया ।35 वर्षों से ये इसी कच्चे मकान में जीवन यापन कर रही है । ग्रामीणो में समाज सेवी विनायक पंडित ने तहसील प्रशासन से गांव की गरीब विधवा के मकान केलिए प्रधान मंत्री आवास आवंटन किए जाने की मांग की है । इसी तरह क्षेत्र के और गांवो में बारिश के चलते कच्चे मकानों का गिरने का सिलसिला जारी है ।हालांकि तहसील प्रशासन गरीबों के गिरते मकान की जांच कराएं जाने एवं उन्हे आपदा प्रबंधन राहत कोष मदद् की जायेगी को लेकर जांच पडताल करने में जुटी है ।



## तेज बारिश के बीच गरीब के कच्चा खपरैल घर के दीवार गिरी

**करछना।** क्षेत्र में शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश अब लोगों के लिए मुसीबत साबित हो रही है। एक तरफ जहां पानी के अभाव से सूख रहे धान की फसल के लिए लाभदायक साबित हो रही है। तो वहीं दूसरी तरफ यह बारिश गरीबों के लिए मुसीबत बरस रही है। शनिवार की रात हुई मूसलाधार बारिश के दौरान क्षेत्र के खाई गांव की निवासी गुलाब कुशवाहा पुत्र जेठू कुशवाहा के कच्चा खपरैल घर के बगल की दीवार पानी के रिसाव से ढह गया। जिसके मलबे में दबकर गृहस्ती के कई कीमती सामान बर्बाद हो गया। गलीमत की बात यह रही कि जिस वक्त दीवार गिरी उस वक्त उनका पूरा परिवार आगे के कमरे में था, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। वही घर की दूसरी दीवार भी पानी के रिसाव से गिरने की कगार पर है।

## करछना में एस एल बी इंटरमीडिएट चनैनी के छात्रों ने फहराया परचम

**करछना।** क्षेत्र के एस एल बी ण्टर चनैनी के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा 2021 में एक बार फिर से अपना परचम फहराते हुए इण्टरमीडिएट के सुधांशु सिंह - 430, अतुल गौतम - 424, अंजली सिंह - 423, नीतीश सिंह - 421, मनदीप कोटार्य - 413 तथा हाईस्कूल की नेहा यादव - 552, दिव्या यादव - 550 , सोनाली पाल - 548, सुभाष मौर्या - 548, अनुज सिंह - 547 अंक पाकर अपने विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक निर्मल सिंह ने सभी परीक्षाथिर्यों को बधाई व शुभकामनाएं दीं हैं।

## करछना के गांवो में वैक्सीनेसन शिविर 3 अगस्त को

## कोविड टीका 18 वर्ष आयु के उपर के लोगों को लगाया जायेगा

**करछना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में तीन अगस्त को 18 वर्ष के उपर के लोगों को कोविड का टीका करण किया जायेगा ।जिसको लेकर गांव के प्रधानो ने सरकारी स्कूलो में इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है और गांव के लोगों को कोविड का टीका करण लगवाने की अपील की है, इसी क्रम में ग्राम प्रधान चनैनी, धीतेश तिवारी, ग्राम प्रधान बबुरा निर्मल कुमार सिंह, ग्राम प्रधान बसही हिमांशु कुमार सिंह ग्राम प्रधान मझुआ बनवारी लाल पटेल सहित कयी प्रधानो ने कोविड टीका करण को लेकर लोगों से अपील की है कि शिविर में उक्त तिथि पर पहुंच कर वैक्सीनेसन अवश्य करावे की अपील की है ।

# बच्चों और बुजुर्गों के लिए काल बनी ठंड हवाओं के साथ आई बारिश ने ली वृद्ध महिला की जान

**अखंड भारत संदेश**

**भड़ेवरा /करछना।** क्षेत्र के सुलमई गांव में लगातार हो रही वर्षा के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। लगातार चल रही ठंडी हवाओं के कारण एक वृद्ध महिला (रामरति पतने समयलाल) की मौत हो गई।

तराई इलाको में आई हवाओं के साथ ठंडी वर्षा का काफी असर पड़ा है, लोग अपने घरों से बाहर निकलने के लिए मजबूर हैं और तो और कच्चे मकानो के जमींदोज होने का खतरा भी मडरा रहा है जो की खतरों से खाली नही है ऐसे में लोग अपने आप को सुरक्षित



रखने के लिए सजग होकर रह रहें हैं।

इधर बारिश के कारण नदियों का प्रवाह इतना तेज हो गया है कि आसपास के इलाको में बाढ़ का खतरा भी मडराने लगा है जिसके कारण किनारे बसी बस्ती के लोगो में भय व्याप्त है ।

# नौनिहालों के सर से हटा मां का साया, सर्प दंश का शिकार हुई अधेड़ महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**भड़ेवरा/करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत धरवारा हनुमानपुर के आदिवासी बस्ती में बीती रात को साढ़े आठ बजे सोते समय सर्प ने पुनीता देवी आदिवासी उम्र 37वर्ष पतने दीपक कुमार आदिवासी को डस लिया ।सर्प दंश होने के बाद जब खबर हुई तब आनन फानन में पहुंचे घरवालों ने इलाज के लिए , अमृत कलश हॉस्पिटल लेकर भागे , जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत



घोषित कर दिया। मृत होने की सूचना मिलने पर बड़े बेटे मोहन 15 ,बेटी खुशबू 12 वर्ष तथा बेटी रोशनी 9वर्ष का रो रो कर बुरा हाल हो गया । गांव के समाजसेवी मंगला प्रसाद द्विवेदी ने बताया की बेरोजगार पुनीता और उसके पति दीपक मेहनत मजदूरी करके बच्चो का पालन पोषण किया करते थे। लेकिन ईश्वर को यह मंजूर न था ।गांव वालों ने मदारी को बुलाकर झाड़ फूंक करवाया गया।

# मूसलाधार बारिश में गिरा आशियाना किसान हुआ बेघर

**अखंड भारत संदेश**

**भड़ेवरा/करछना।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत करबालपुर गांव के मिश्री लाल सोनकर पुत्र स्वर्गीय श्री बिरजी लाल सोनकर का कच्चा घर मूसलाधार बारिश में जमींदोज हो गया । मिश्री लाल खेती किसानी कर घर का सारा खर्च चलाते थे, व कच्चे घर में गुजारा कर जीवन व्यतीत किया करते थे ।और



घर में रखा सारा खाने का सामान (अनाज ,)दब गया । खाना बना रही घर की महिलाएं घर गिरता देख भागकर बाहर निकल गई ।और बताया गया कि जान मॉल की कोई क्षति नहीं हुई ।ग्रामीणों का कहना है कि गांव में गरीबी रेखा से नीचे जी रहे लोगो को सरकारी आवास मुहैया कराए जाय जिससे दैवीय आपदा से बचा जा सके।

## सम्पादकीय

### अलकायदा की वापसी

आम तौर पर भले यह माना और कहा जाता रहा हो कि अलकायदा को खत्म कर दिया गया है और अब उसका कोई वजूद नहीं रहा, लेकिन जानकारों के मुताबिक अफगानिस्तान के दूर-दराज के हिस्सों में इस संगठन से जुड़े लोगों का ढीला-ढाला नेटवर्क लगातार बना रहा। भले इस नेटवर्क ने अपनी गतिविधियों को तात्कालिक विराम दे दिया हो, लेकिन वह इस स्थिति में तो है ही कि अनुकूल परिस्थितियां देखकर फिर सिर उठाने की कोशिश करे।अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी और उसके बाद वहां तालिबान का बढ़ता वर्चस्व कितना खतरनाक हो सकता है, यह धीरे-धीरे साफ होता जा रहा है। जिन इलाकों में तालिबान काबिज हो रहे हैं, वहां तो कट्टर इस्लामी शासन के तौर-तरीकों की वापसी हो ही रही है, इसके साथ-साथ अलकायदा के पुराने भूत के दोबारा जी उठने की ठोस आशंका भी पैदा हो गई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 समिति की ताजा रिपोर्ट बताती है कि अफगानिस्तान के 15 प्रांतों में आतंकी संगठन अलकायदा ऑपरेशनल है। इसी समिति की फरवरी की रिपोर्ट में 11 प्रांतों में अलकायदा की मौजूदगी बताई गई थी। इससे साफ है कि यह आतंकी संगठन गुपचुप अपने प्रभाव का विस्तार करने में लगा हुआ है। आम तौर पर भले यह माना और कहा जाता रहा हो कि अलकायदा को खत्म कर दिया गया है और अब उसका कोई वजूद नहीं रहा, लेकिन जानकारों के मुताबिक अफगानिस्तान के दूर-दराज के हिस्सों में इस संगठन से जुड़े लोगों का ढीला-ढाला नेटवर्क लगातार बना रहा। भले इस नेटवर्क ने अपनी गतिविधियों को तात्कालिक विराम दे दिया हो, लेकिन वह इस स्थिति में तो है ही कि अनुकूल परिस्थितियां देखकर फिर सिर उठाने की कोशिश करे। जिस तेजी से अमेरिकी सेना को वापस बुलाया गया है, उससे आतंकी हलकों में यह संदेश गया है कि अब अमेरिका अफगानिस्तान में इस लड़ाई को जारी नहीं रख पा रहा।

जहां इस संदेश ने आतंकी तत्वों के मनोबल को बढ़ाया है, वहीं तालिबान लड़ाकों का अफगानिस्तान के अधिक से अधिक हिस्से पर काबिज होना अब अनुकूल माहौल मुहैया करा सकता है, जिसका वे इंतजार कर रहे थे। हालांकि कुछ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि बदले हालात में तालिबान अतीत की अपनी गलतियों को दोहराना नहीं चाहेंगे। अमेरिका के साथ शांति वार्ता के बाद हुए समझौते के मुताबिक वे अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद से जुड़े तत्वों को किसी भी रूप में बढ़ावा न देने के लिए वचनबद्ध हैं। लेकिन असल सवाल यह है कि अगर तालिबान ऐसा चाह भी लें तो क्या अलकायदा से खुद को पूरी तरह अलग कर सकते हैं और क्या वे अलकायदा पर रोक लगा पाएंगे पहली बात तो यह कि दोनों संगठनों का जितना लंबा तालमेल रहा है उसमें औपचारिक घोषणाओं को छोड़ दें तो जमीनी स्तर पर उनके कैडर को पूरी तरह अलग नहीं किया जा सकता। दूसरी बात यह कि चाहे बात तालिबान की हो या अलकायदा की या आईएस-केपी (इस्लामिक स्टेट-खुरासन प्रॉविंस) की ऐसे तमाम संगठनों को फलने-फूलने के लिए धार्मिक कट्टरता का माहौल और राजनीतिक अनिश्चितता व अराजकता की स्थिति चाहिए होती है। जाहिर है, जिस तरह के हालात की ओर अफगानिस्तान जाता हुआ दिख रहा है, उसमें इन तत्वों के बढ़त बनाने के खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## पेगाससः लोकतंत्र पर हिंसक हमला

**चिन्मय मिश्रा**

पेगासस के पिटारे की सड़ांघ चारों और फैल गई है और हर तरफ बेचैनी है। परंतु पेगासस एक बड़ी बीमारी का लक्षण भर है। हमें सोचना होगा कि इस लक्षण से जो बीमारी हमारे सामने आई है, उसका उपचार करें या इसे पूरे शरीर यानी लोकतंत्र के पूरे ढांचे में फैलकर उसे खोखला हो जाने दें। इस तरह का हर नया लक्षण हमारें लोकतंत्र की प्रतिरोधक शक्ति को भस्म करा रहा है और हम उसका एकमात्र हल चुनावी राजनीति यानी चुनाव में जीत या हार में ढूंढ रहे हैं।

पेगासस जासूसी कांड अपने आप में कोई एक पृथक घटना, स्थिति, परिस्थिति के आकलन का विषय नहीं है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, जिसका भारत भी हिस्सा है, में लोकतंत्र की घटती स्वीकार्यता का एक छोटा सा प्रतीक भर है। पेगासस युद्ध स्तरीय साफ्टवेयर को इस्तेमाल करने वाले 40 देशों की सूची पर गौर करें तो यह समझ आ जाएगा कि इसका प्रयोग करने वाले अधिकांश देश वे हैं, जहां या तो लोकतंत्र नहीं है, या उसकी स्थिति संतोषजनक नहीं है। अतएव हमें भारत के संदर्भ में भी यह विचार करना होगा कि हम अपने लोकतंत्र को यदि जीवंत व सकारात्मक मानते हैं तो, हमारी सरकार ने इसका प्रयोग क्यों किया परंतु शायद बात "क्यों" पर आकर पूरी नहीं होती। इससे भी बड़ी व महत्वपूर्ण बात यह है कि एक जीवंत लोकतंत्र में सरकार ऐसा कर पाने की हिम्मत "कैसे" जुटा पाई  क्या भारत में अब सबकुछ बहुमतवाद से ही तय होगा  संवैधानिक संस्थाओं और उन्हें दिशा प्रदान करने वाले संविधान का अब ख्याल नहीं रखा जाएगा  भारतीय नागरिक की "गरिमा" क्या कुछ भी मायने नहीं रखती

भारतीय सभ्यता पर आधारित तर्कशास्त्र का मानना है कि "सत्य" तो हमेशा स्थापित ही रहता है, उसे सिद्ध करने की अलग से कोई आवश्यकता नहीं है। आपको उस तक पहुंचने का मार्ग खोजना होता है। अतएव यह तो स्पष्ट ही है कि 'पेगासस जासूसी कांड" भारतीय लोकतंत्र की आत्मा पर सीधी चोट कर रहा है। इसकी सूची में कौन हैं या कौन नहीं यह महत्वपूर्ण नहीं है। यह भी महत्वपूर्ण नहीं है कि सूची में आए व्यक्तियों की वास्तव में जासूसी हुई है या नहीं, महत्वपूर्ण यह है कि इस तरह की जासूसी का विचार ही लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। यह भारतीय संविधान की उद्देशिका में बताए, "सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास (धर्म और उपासना) की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता" की मूलभूत अवधारणा के साथ ही साथ व्यक्ति की गरिमा को सुनिश्चित करने के विपरीत आचरण है। इस घटना को महज इसलिए स्वीकार या अस्वीकार करना खतरनाक होगा कि इसके माध्यम से कुछ लोगों की जासूसी की गई और उनकी निजता का हनन किया गया या हुआ है। हमें इसे भारतीय लोकतंत्र में व्याप्त कमजोरी के दृष्टिकोण से देखना और समझना होगा। हमने जिस न्यायपूर्ण व समता आधारित समाज की परिकल्पना की है, यह उस पर सीधा आघात है हमला है। पिछले कुछ वर्षों से राजनीतिक मनमानी का नया और भीषण दौर हम पर कहर बरपा रहा है। जीएसटी का गलत तरीके से लागू होना, नोटबंदी से हाहाकार मचना, कोरोना महामारी का कमोवेश असफल प्रबंधन, मँहगाई का नई ऊँचाई पर पहुंचना, बेरोजगारी का आजादी के बाद सर्वाधिक होना आदि ऐसे तमाम मुद्दे हैं, जो अपनी कहानी स्वयं कह रहे हैं। पेगासस जासूसी इसी तरह की अलोकतांत्रिक व शासन की असफलता का नवीनतम प्रतीक है। इस स्तर की जासूसी करवाने के पीछे कहीं न कहीं यह तथ्य मौजूद है कि देश में असंतोष बढ़ता जा रहा है। अतएव आवश्यकता इस बात की थी कि असंतोष के कारणों को खोजा जाए व असहमति रखने वालों से संवाद किया जाए, न कि उन्हें जेल में बंद कर दिया जाए या उनकी जासूसी करवाई जाए। परंतु ऐसा करने के लिए बेहद साहस व सत्यनिष्ठा की आवश्यकता होती है और इसी के साथ सरकार का लोकतांत्रिक मूल्यों में अगाध विश्वास भी होना चाहिए। गौरतलब है, यह बात प्रत्येक राजनीतिक दल पर लागू होती है। विनोबा एक बड़ी मार्के के बात कहते हैं, "गांधी जी आए और गये, पर हमारे चिन्तन का राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक चिन्तन का स्तर सभी क्षेत्रों में वही पुराना रहा। आज भी सारा दारोमदार सेना, पुलिस, राजतंत्र और सरकार पर ही माना जाए तो गांधी जी के आने से लाभ ही क्या हुआ  यह नहीं कि सरकार की जिम्मेदारी हम न उठायें। वह तो उठानी ही चाहिए और हमने उठा ही ली, यह ठीक ही किया। किन्तु उतने से अहिंसा नहीं आएगी।" इस उद्धहरण के आखिरी शब्द "अहिंसा" पर गौर करिए। विनोबा, गांधी के उस कथन को स्पष्ट कर रहे हैं कि एक राष्ट्र व व्यक्ति की चरम उपलब्धि 'अहिंसा' है। जबकि



पेगासस एक किस्म की हिंसा है जो भारतीय नागरिकों पर अप्रत्यक्ष रूप से थोपी गई है। प्रत्येक जनविरोधी कार्य एकतरह की हिंसा ही तो है। भारत में लोकतंत्र की स्थापना अहिंसा प्राप्त करने के लिए हुई है परंतु यह अभी दूर की कौड़ी है।

पेगासस पर लौटते हैं। यह एक ऐसा अभूतपूर्व कांड है जो समदर्शी है। यह अपने विरोधी और समर्थक में फर्क नहीं करता। इसका एक अर्थ यह भी निकलता है कि इस जासूसी कांड का निर्देश या आदेश देने वाला व्यक्ति नितांत अकेला है और वह अंततः स्वयं के अलावा किसी अन्य की गरिमा के बारे में सोचता विचारता नहीं है। चूंकि सरकार ने स्वीकार नहीं किया है और न ही अस्वीकार किया है कि वह इस घटना से जुड़ी है या जुड़ी नहीं है ऐसे में सबकुछ अनुमान पर ही आधारित है। अनुमान कल्पना के साथ ही साथ अफवाहों को भी जन्म दे सकते हैं। 'मजाज' लखनवी की एक लंबी नज्म है  आज की पूरी दुनिया का मंजर हमारे - आपके सामने है और समस्या यही कि "क्या करूँ"। पेगासस के पिटारे की सड़ांघ चारों और फैल गई है और हर तरफ बेचैनी है। परंतु पेगासस एक बड़ी बीमारी का लक्षण भर है। हमें सोचना होगा कि इस लक्षण से जो बीमारी हमारे सामने आई है, उसका उपचार करें या इसे पूरे शरीर यानी लोकतंत्र के पूरे ढांचे में फैलकर उसे खोखला हो जाने दें। इस तरह का हर नया लक्षण हमारें लोकतंत्र की प्रतिरोधक शक्ति को भस्म करा रहा है और हम उसका एकमात्र हल चुनावी राजनीति यानी चुनाव में जीत या हार में ढूंढ रहे हैं। गांधी इस बीमारी को समझ चुके थे और वे उसका उपचार भी जानते थे। वे जानते थे कि लोकतंत्र को अंततः अहिंसक समाज की स्थापना की दिशा में कार्य करना होगा। परंतु आज तो ठीक इसका उल्टा हो रहा है। दो देशों के बीच होने वाले हिंसक संघर्ष भी निंदनीय हैं, लेकिन भारत में तो दो राज्यों, असम व मिजोरम के बीच जो हुआ उसे क्या कहेंगे। हम लोग हमेशा प्रेशर कुकर में लगे सेफ्टी वाल्व की चर्चा करते हैं कि लोकतंत्र में असहमति पर गौर करना लोकतंत्र को बनाए रखने का सबसे महत्वपूर्ण कारक सेफ्टी वाल्व है। परंतु क्या ऐसा हो पा रहा हैं  खलील जिब्रान की रचना अल मुआकिब (लोक यात्रा) गांधी के हिंद स्वराज की याद दिलाती है। इसमें साधु कहता है, "क्या न्याय और मानव निर्मित कानून मुझे हंसने और रोने के लिए बाध्य नहीं करता है  दीन और दुर्बल अपराधी दंडित होता है, परंतु धनी और समर्थ अपराधी को यश और मान मिलता है। फूल की चोरी करने वाले व्यक्ति को नीच समझा जाता है परंतु भूमि पर बलात् अधिकार करने वाले की वीर की संज्ञा दी जाती है।" इसके प्रत्युत्तर में युवक कहता है, "वन में न कोई न्याय है और न ही किसी प्रकार का दंड विधान ही है। घास-फूस की क्षुद्र छाया को देखकर सरो के वृक्ष यह नहीं कहते, "घास फूस की छाया प्रसारित संबंधी व्यवहार कानून और अधिकार के विरुद्ध है। मानव निर्मित न्याय विधान लज्जा से उसी प्रकार द्रवीभूत हो जाता है, जिस प्रकार प्रखर धूल में बर्फ पिघल जाती है। गौर करिए यहां जवाब या समाधान साधु के पास नहीं युवक के पास है। इसे ही आज दोहराने की जरुरत है। लोकतंत्र में प्रत्येक चुनौती एक नई संभावना भी लाती है। पाप का घड़ा फूटने का इंतजार कम से कम लोकतंत्र में तो नहीं ही किया जा सकता। ऐसे तमाम राजनीतिक दल जो गांधी विचार या उनसे मिलते जुलते विचारों में यकीन रखते हैं उन्हें लोकतंत्र में अपने विश्वास को नई दिशा देना होगी और चुनावी जीत की राजनीति से उबरना होगा। उन्हें याद रखना होगा कि सत्ता, राजनीति का मुख्य नहीं सह उत्पाद, यानी बाय प्रोडक्ट है। पेगासस जासूसी कांड ने हमें एकबार पुनः राजनीति को समझने और समझाने का मौका दिया है। गांधी समझाते हैं, "आत्मा में ताकत है, शस्त्र की आवश्यकता नहीं। हमने ही सरकार को सिर पर उठाया है। अगर चाहेंगे तो, फिर नीचे भी पटक सकते हैं। प्रजा के सहयोग के बिना कोई भी सरकार सत्ता नहीं चला सकती।" हमें असहयोग आंदोलन को नए सिरे से अविष्कृत करना होगा।

## प्रोंग्रफी मामले में क्या कहता है कानून

**राजेश चौधरी**

बिजनेसमैन राज कुंद्रा को कथित तौर पर पोनीग्राफिक फिल्म बनाकर उन्हें ऐप्स के जरिए प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आखिर पोनीग्रफी मामले में क्या कहता है देश का कानून और क्यों इन फिल्मों को इरॉटिक कहकर बचने की कोशिश हो रही है सुप्रीम कोर्ट की ऐडवोकेट रेखा अग्रवाल बताती हैं कि प्राइवेसी का अधिकार जीवन के अधिकार में शामिल है। कोई शख्स अपने बेडरूम में क्या करता है, इससे किसी दूसरे को वास्ता नहीं है। कोई दो वयस्क अगर सेक्शुअल रिलेशन में हैं तो वे अपने कमरे के अंदर जो कुछ भी करें, वह प्राइवेट है। लेकिन उसे कैमरे में कैद करके अगर कोई पब्लिक डोमेन में डालता है, किसी भी माध्यम से प्रसारित या प्रकाशित करता है तो वह अपराध है। ऐसे में आईपीसी की धाराओं के साथ-साथ आईटी एक्ट के तहत केस बनेगा।

**आईटी ऐक्ट में 7 साल तक कैद का प्रावधान**

साइबर एक्सपर्ट पवन दुग्गल बताते हैं कि पोनीग्रफी मामले में आईटी ऐक्ट की धारा-67 व 67 ए के साथ-साथ आईपीसी की धाराएं लगाई जाती हैं। आईपीसी की धारा-67 के प्रावधान को देखा जाए तो उसके तहत कहा गया है कि अगर कोई शख्स अश्लील मैटेरियल (वासना वाले या कामुकता आदि वाले कंटेंट) इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रसारित करता है यानी ट्रांसमिट करता है या प्रकाशित करता है तो वह अपराध है। साथ ही कहा गया है कि अगर कोई शख्स ऐसे मैटेरियल को प्रसारित करने के लिए कारण बनता है या सबब बनता है या उकसाता है या प्रेरित करता है तो भी अपराध है। यानी जैसे ही कोई अश्लील मैटेरियल को शूट करता है तो वह प्रकाशन के तहत अपराध के दायरे में आएगा। साथ ही उसका प्रसारण करता है तो वह अपराध है। इसके लिए पहली बार दोषी पाए जाने पर 3 साल तक कैद और पांच लाख तक जुर्माने का प्रावधान है। वहीं अगर दूसरी बार दोषी पाया जाता है तो पांच साल तक कैद और 10 लाख तक जुर्माने का प्रावधान है। अगर आईटी एक्ट -67 ए के प्रावधान को देखा जाए तो कोई भी कंटेंट जो सेक्शुअलिटी की हरकत को स्पष्ट तौर पर दर्शाता हो और उसे प्रसारित या प्रकाशित किया जाता है। किसी भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से इसके प्रसारण के मामले में दोषी शख्स को सजा दिए जाने का प्रावधान है। इसके तहत दोषी को पहली बार के अपराध के लिए पांच साल कैद और 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। अगर आरोपी दूसरी बार दोषी करार दिया जा रहा है तो वैसे मामले में 7 साल तक कैद की सजा हो सकती है और जुर्माना हो सकता है। यह मामला गैर जमानती अपराध है।

**चाइल्ड पोनीग्रफी देखना भी अपराध**

पोनीग्रफी देखना अपराध नहीं लेकिन चाइल्ड पोनीग्रफी देखना अपराध है। कानूनी जानकार पवन दुग्गल बताते हैं कि अगर कोई अकेले में पोनीग्रफी देखता है तो वह अपराध नहीं है। लेकिन पब्लिक प्लेस में ऐसा करता है तो अपराध होगा। लेकिन कोई चाइल्ड पोनीग्रफी देखता है तो अपराध है और इसके लिए आईटी ऐक्ट की धारा-67 बी के तहत सजा का प्रावधान किया गया है। चाइल्ड पोनीग्रफी के लिए अगर कोई सर्च करे, कंटेंट डाउनलोड करे या उसे ट्रांसमिट या प्रकाशित करे या उसे देखता है या फिर बच्चों को ऑनलाइन सेक्शुअल हरकत के लिए कहता है या एब्यूज करता है तो आईटी एक्ट की धारा-67 बी के तहत पहली बार दोषी पाए जाने पर 5 साल कैद का प्रावधान है और दूसरी बार दोषी पाए जाने पर 7 साल तक कैद की सजा और 10 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है।

**पब्लिक प्लेस में अश्शील हरकत भी अपराध**

ऐडवोकेट मनीष भदौरिया के मुताबिक आईपीसी की धारा-292, 293 और 294 के तहत भी अपराध के हिसाब से केस दर्ज किए जाने का प्रावधान है। आईपीसी की धारा-292 के तहत प्रावधान है कि अगर कोई शख्स कोई अश्लील सामग्री, किताब, या अन्य अश्लील सामग्री बेचता है या उसे वितरित करता है या सर्कुलेट करता है तो ऐसे मामले में दोषी पाए जाने पर पहली बार में 2 साल तक कैद और दूसरी बार दोषी पाए जाने पर 5 साल तक कैद की सजा का प्रावधान है। वहीं आईपीसी की धारा-293 के तहत प्रावधान है कि अगर कोई 20 साल से कम उम्र के शख्स को अश्लील सामग्री या किताब सर्क्युलेट करता है या बेचता है तो इस मामले में तीन साल तक कैद की सजा हो सकती है और दूसरी बार दोषी पाए जाने पर 7 साल तक कैद की सजा हो सकती है। साथ में 2 हजार तक जुर्माने का भी प्रावधान है। वहीं आईपीसी की धारा-294 के तहत प्रावधान है कि अगर कोई शख्स पब्लिक प्लेस में अश्लील हरकत करता है या फिर अश्लील गाने गाता है या अश्लील भाषा का इस्तेमाल करता है तो दोषी पाए जाने पर 3 महीने तक कैद हो सकती है।

**इरॉटिक मैटेरियल क्या है**

साइबर मामलों के एक्सपर्ट विराग गुप्ता बताते हैं कि जब भी पोनीग्रफी कानून को लेकर चर्चा होती है तो बचाव के तौर पर इरॉटिक शब्द का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन हमें कानून की भाषा के भाव को समझना होगा। आईटी ऐक्ट की धारा-67 कहती है कि कोई भी अश्लील सामग्री अगर प्रसारित या प्रकाशित की जाती है तो वह अपराध है। इसके लिए इरॉटिक शब्द का इस्तेमाल नहीं है। कानून की किताब में अश्लील मैटेरियल के लिए प्र्रूरिअंट और लसिविअस शब्द का इस्तेमाल हुआ है जिसका अर्थ कामोत्तेजक होता है। अब इरॉटिक का मतलब भी कामोत्तेजक ही होता है। अश्लीलता शब्द व्यापक है और उस दायरे में सबकुछ आ जाता है। पवन दुग्गल बताते हैं कि अदालत देखती है कि कोई मैटेरियल इरॉटिक के नाम पर बेचा जा रहा है तो उसमें वाकई कलात्मकता वाल श्रंगारिक मैटेरियल है या फिर अश्लीलता के लिए दिखाया गया है। कामोत्तेजक भाव जो अश्लीलता लिए होगा, वह अश्लीलता मानी जाएगी और कानून के दायरे में वह व्यक्ति आएगा जिसने ऐसा मैटेरियल प्रसारित या प्रकाशित किया है। कोई भी कंटेट जो अश्लील है वह अपराध है। अगर कोई कहता है कि उसका कंटेट इरॉटिक है तो यह देखना अदालत का काम है कि वह इरॉटिक है या अश्लील है। कलात्मकता पूरी न्यूड तस्वीर में भी हो सकती है और कपड़े के साथ भी अश्लीलता हो सकती है। यह मामले-मामले पर निर्भर करता है।

## विकास काले विपरीत बुद्धि... जाग सके तो जाग

**पंकज शुक्ला**

कहते हैं 'विनाश काले विपरीत बुद्धि' मगर आज की परिस्थितियों के मद्देनजर अब कहा जाना चाहिए 'विकास काले विपरीत बुद्धि'। जिन्हें भी मेरे इस कहे पर शक हो वे रविवार को उत्तराखंड में हुई तबाही और इसके कारण पर नजर डाल लें। हम विकास की मृगमरीचिका के लिए पेड़ों को काट रहे हैं। पहाड़ों को समतल कर रहे हैं। पानी और सूर्य किरणें हमें ऊर्जा देने में कम पड़े तो हम अपनी दुनिया का अंधेरा दूर करने के लिए परमाणु परियोजनाएं ले आए। यह बात अलग है कि ये परियोजनाएं जितनी रोशनी देंगी, अपने नैसर्गिक नुकसान से इंसानी जीवन में उससे अधिक अंधेरा फैला देंगी। जैसे, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत दशकों से खड़े नीम, पीपल, आम जैसे समृद्ध पेड़ काट कर पॉम ट्री जैसे महंगे दिखावटी पेड़ लगाए गए। जैसे, धरती के गहने पहाड़ों और टीलों को काट कर सड़कें चौड़ी की गई, निर्माण के लिए साधन जुटाए गए। अब जब पहाड़ नहीं हैं तो बह कर आते पानी को कौन रोके बाढ़ की तबाही आना तो तय है। जब हरियाली उजाड़ने और औद्योगिक हवस पर नियंत्रण नहीं है तो लगातार होती तापमान वृद्धि को कौन रोके हमारे इस बेपरवाह और गैर आनुपातिक विकास काल में विनाश का ग्राफ बढ़ना भी तय है। यही हाल रहा तो वह दिन दूर नहीं जब प्राकृतिक आपदाओं के कारण हमारी आंख के आंसू सूख नहीं पाएंगे।अब तक विशेषज्ञ, पर्यावरणविद् अकसर ही विकास के नाम पर पर्यावरण को पहुंचाएं जा रहे खतरों के प्रति आगाह करते रहे हैं। राजनेताओं के लिए यह अपनी सहूलियत के अनुसार विरोध और समर्थन का मुद्दा रहा है मगर उत्तराखंड की आपदा के बाद जब पूर्व केन्द्रीय मंत्री उमा भारती अपनी ही सरकार के दौरान इस बारे में कुछ कह रही हैं तो उनकी बात गौर से सुनी जानी चाहिए। उमा भारती कुछ समय पहले देश की जल संसाधन, नदी विकास और गंगा सफाई मंत्री थीं इसलिए उनकी बात अधिक मायने रखती हैं। उमा भारती ने ट्वीट कर कहा है कि ग्लेशियर पिघलना चिंता एवं चेतावनी दोनों है। जब मैं मंत्री थी तब अपने मंत्रालय के तरफ़ से हिमालय उत्तराखंड के बांधों के बारे में दिए शपथ पत्र में आग्रह किया गया था कि हिमालय एक बहुत संवेदनशील स्थान है। इसलिये गंगा एवं उसकी मुख्य सहायक नदियों पर पावर प्रोजेक्ट नही बनने चाहिए। सरकार के ही एक अंग ने ही नहीं बल्कि भू-वैज्ञानिकों ने भी करीब 8 महीने पहले ऐसी आपदा को लेकर आगाह किया था। अगर उस समय इस पर कार्रवाई हुई होती तो शायद आज की घटना से हम लोगों को बचा सकते थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार देहरादून में स्थित वाडिया भू-वैज्ञानिक संस्थान के वैज्ञानिकों ने पिछले साल जून-जुलाई के महीने में एक अध्ययन के जरिए जम्मू-कश्मीर के काराकोरम समेत सम्पूर्ण हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों द्वारा नदियों के प्रवाह को रोकने और उससे बनने वाली झील के खतरों को लेकर चेतावनी जारी की थी। शोध में पाया गया था कि हिमालय क्षेत्र की लगभग सभी घाटियों में स्थित ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। भारत की श्योक नदी के ऊपरी हिस्से में मौजूद कुमदन समूह के ग्लेशियरों में विशेषकर चोंग कुमदन ने 1920 के दौरान नदी का रास्ता कई बार रोका। इससे उस दौरान झील के टूटने की कई घटनाएं हुई। 2020 में क्यागर, खुरदोपीन व सिसपर ग्लेशियर ने काराकोरम की नदियों के मार्ग रोक झील बनाई है। इन झीलों के एकाएक फटने से पीओके समेत भारत के कश्मीर वाले हिस्से में जानमाल की काफी क्षति हो चुकी है।

साफ है कि कथित विकास के लिए हमने विनाश को आमंत्रित कर लिया है। इसे जरा गहराई से समझते हैं। बिजली हमारी सबसे बड़ी जरूरत बन कर उभरी है। देश में बिजली की कमी को पूरा करने के लिए भारत सरकार परमाणु ऊर्जा के तेज प्रसार का निणन्य ले चुकी है। भारत के पास स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम है और उम्मीद की जा रही है कि परमाणु ऊर्जा से वर्ष 2024 तक 14.6 गीगावाट बिजली प्राप्त की जाएगी। वर्ष 2032 तक बिजली उत्पादन की इस क्षमता को 63 गीगावाट करनेका लक्ष्य है। सवाल उठता है



कि जब फुकुशिमा के परमाणु विध्वंस के बाद जब यह साफ हो गया है कि तमाम दावों के बाद भी परमाणु संयंत्र सुरक्षित नहीं है तो फिर हम इस खतरनाक दिशा में क्यों चल रहे हैं एक रिएक्टर में रेडियोधर्मी परमाणु ईंधन कई टन की मात्रा में होता है। अगर वह किसी भी कारण से बाहरी वातावरण के संपर्क में आ जाता है तो उससे रेडियोधर्मिता का खतरा परमाणु बम से भी कई गुना ज्यादा बढ़ जाता है। हम यह जानते हुए भी परमाणु ऊर्जा पर भरोसा करते जा रहे हैं। मतलब यदि कोई दुर्घटना न भी हो तो भी एक अवस्था के बाद परमाणु संयंत्रों को बंद करना होता है और वैसी स्थिति में परमाणु संयंत्र का विध्वंस तथा उसके रेडियोएक्टिव कचरे को डंप करना अधिक खर्चीला होता है। वर्ष 1986 में चेर्नोबिल की दुर्घटना से 4000 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्रफल हज़ारों वर्षों तक रहने योग्य नहीं रहा। वहाँ हुए परमाणु ईंधन के रिसाव से करीब सवा लाख वर्ग किमी ज़मीन परमाणु विकिरण के भीषण असर से ग्रस्त है। तो क्यों हम राजस्थान, मध्य प्रदेश सहित देश के अन्य हरेभरे और आबादी क्षेत्रों में परमाणु कार्यक्रमों को अपनाने पर आमादा हैं जबकि चेरनोबिल दुर्घटना के बाद जर्मनी अपने यहां स्थापित परमाणु संयंत्रों को हटाने का निर्णरू ले चुका है। यूरोपीयन यूनियन में जहां वर्ष 1979 में 177 परमाणु ऊर्जा संयंत्र सक्रिय थे वहां इनकी संख्या घट कर 143 संयंत्र रह गई है। परमाणु संयंत्र स्थापना या कथित विकास किसी दुर्घटना के समय ही मानवीय त्रासदी लेकर नहीं आता बल्कि यह अपनी स्थापना के समय से ही स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत बन जाता है। मध्य प्रदेश का आदिवासी जिला मंडला इसका एकदम उपयुक्त उदाहरण है। यहां चालीस साल पहले बरगी बांध के कारण चुटका सहित 54 गांव विस्थापित हुए थे। अब चुटका परमाणु विद्युत परियोजना के कारण विस्थापित होने की तलवार लटक रही है। आदिवासियों को हमारे विकास के लिए बार-बार अपनी जमीन से बेदखल किया जा रहा है। आदिवासी ग्रामीणों 2009 से ही चुटका परमाणु परियोजना का विरोध कर रहे हैं। इस परियोजना से 1.25 लाख लोग विस्थापित होंगे। इस संयंत्र को स्थापित करने के लिए कुल 6663.22 हेक्टेयर वन भूमि और वन क्षेत्र वाली 76699.56 हेक्टेयर सरकारी भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा। मतलब विकास की कथित चमकीली रेखा के लिए हम मानव, वन, वन्य प्राणी सबको दांव पर लगा रहे हैं।

पर्यावरण चेतना की पत्रिका 'डाउन टू अर्थ' में प्रकाशित एक आलेख के अनुसार तेल और गैस उद्योग ने हमारे महासागरों को बुरी तरह प्रभावित किया है। तेजी से हो रहे समुद्र के औद्योगीकरण को वैज्ञानिकों ने ठब्लू एक्सिलरेशनठ नाम दिया है। ब्लू एक्सेलेरेशन समुद्री संसाधनों और उसपर आधिपत्य की एक अंधी दौड़ है जो वैश्विक स्तर पर अस्थिरता पैदा कर सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि तेल और गैस उद्योग ने महासागरों को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। विश्लेषण के अनुसार, दुनिया भर में मीठा पानी तेजी से दुर्लभ होता जा रहा है। जिसको देखते हुए पिछले 50 वर्षों में समुद्र के खारे पानी को साफ करने के लगभग 16,000 संयंत्र लगाए गए हैं। दूसरी ओर निर्माण उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर रेत और बजरी का खनन किया जा रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2021 को ठमहासागरों के दशकठ के रूप में मनाने के लिए कहा है। इसका उद्देश्य है कि हम महासागरीय संसाधनों के अपरिवक्व दोहन को रोंके। वैज्ञानिकों का मानना है कि सी फूड इंडस्ट्री, तेल और गैस, खनन और बायोप्रोस्पेक्टिंग उन तमाम उद्योगों में से कुछ है जो बड़े पैमाने पर समुद्रों का दोहन कर रहे हैं। इन सभी पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का कब्जा है। कंपनियों का लक्ष्य केवल मुनाफा है। देशों की सरहदों का भी उनके मुनाफे से कोई लेना देना नहीं है। इस अंधे विकास पर वैज्ञानिकों का सुझाव है कि निवेशकों को समुद्री संसाधनों पर निवेश करने से पहले पर्यावरण को भी ध्यान में रखना चाहिए। वे ध्यान रखते नहीं है इसलिए अधिक कठोर मानदंड अपनाने की जरुरत है।जब हम पर्यावरण पर विकास के खतरों की बात करते हैं तो सवाल उठता है कि क्या सड़क, फ्लाय ओवर, ब्रिज, बांध न बनाएं  क्या बड़ी आबादी को बिना बिजली, बिना घर, बिना पानी रहने और मरने दें क्या अच्छी सड़कों, चमकदान रोड के अभाव में वाहनों में ईंधन के अधिक उपयोग से होने वाले नुकसान की अनदेखी कर दी जाए ऐसे तमाम तर्कों का उत्तर है- नहीं। सुनियोजित और सोचे समझें विकास से आपत्ति नहीं है। मगर समूचा मानव समाज ही प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और दोहन के अंतर को भूल गया है। परमाणु ऊर्जा के उपयोग और इससे जुड़े खतरों के प्रति हमेशा ही आगाह किया जाता रहा है मगर हमने विकास के नाम पर खतरनाक परियोजनाओं को अपनाया उनके खतरों से बचाव का कोई प्रबंधन नहीं किया। जैसे,सड़क बनाने के लिए पेड़ तो काटे, उनके विस्थापन या नए पौधरोपण के लिए धन खर्च तो किया मगर जितने पेड़ काटें उनके आधे भी पौधे पनपे ही नहीं। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने भी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर ध्यान केंद्रित किया है मगर विनाश की तुलना में यह भरपाई बहुत ही कम है। सरकार, समाज और व्यक्तिगत स्तर पर भी यह कभी नहीं सोचा जाता है कि जितना पानी, रेत, हवा, ऊर्जा हमने प्रकृति से ली है, उसे लौटाने का ईमानदार जतन किया गया है कभी प्रकृति के प्रति चिंता की बातें बहुत हुईं, अब भी इन वैज्ञानिकों की चेतावनियों पर अमल नहीं हुआ तो आपदा के कई ग्लेशियर पिघलने को तैयार हैं।



## आज खेलों में भारतीय खिलाड़ी दिखाएंगे दम, कमलप्रीत कौर से मेडल की उम्मीदें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार का दिन भारत के लिए टोक्यो ओलंपिक में खुशियां लेकर आया। पीवी सिंधु ने ब्रॉन्ज मेडल के लिए खेले गए मुकाबले में चीन की ही बिंग जियाओ को सीधे गेम में 21-13, 21-15 से मात दी। सिंधु भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने लगातार दो ओलंपिक खेलों में देश के लिए मेडल जीता है।

वहीं भारत ने पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत का सेमीफाइनल में मुकाबला सामना बेल्जियम से होगा। भारत की हॉकी टीम 49 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंची है।

**एथलेटिक्सः** दुती चंद, महिला 200 मीटर हीट चार, भारतीय समयानुसार सुबह सात बजकर 25 मिनट पर कमलप्रीत कौर, महिला चक्का फेंक फाइनल, भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से

**घुड़सवारीः** फवाद मिर्जा, इवेंटिंग जंपिंग व्यक्तिगत क्वालीफायर, भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 30 मिनट पर इवेंटिंग व्यक्तिगत जंपिंग फाइनल, भारतीय समयानुसार शाम पांच बजकर 15 मिनट पर

**हॉकीः** भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया, महिला हॉकी सेमीफाइनल, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजकर 30 मिनट से

**निशानेबाजीः** संजीव राजपूत और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन क्वालीफिकेशन, भारतीय समयानुसार सुबह आठ बजे से। पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन फाइनल, भारतीय समयानुसार दोपहर एक बजकर 20 मिनट से।

# भारतीय मेंस हॉकी टीम 49 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंची

### ग्रेट ब्रिटेन को ३-१ से धोया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पुरुष हॉकी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारत ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ग्रेट ब्रिटेन को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत का सेमीफाइनल में मुकाबला सामना बेल्जियम से होगा। भारत की हॉकी टीम 49 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंची है। भारत ओलंपिक में 1972 में इससे पहले सेमीफाइनल में पहुंची थी। भारत की तरफ से दिलप्रीत सिंह ने 7वें, गुरजंत सिंह ने 16वें और हार्दिक सिंह ने 57वें मिनट में गोल किया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 8 बार ओलंपिक जीता है। ग्रेट ब्रिटेन के लिए एकमात्र गोल सैम वार्ड ने 45वें मिनट में किया। भारत ने साल 1980 में ओलंपिक में आखिरी बार हॉकी में गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने आखिरी बार 1972 के म्यूनिख खेलों में ओलंपिक के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी, जहां वे कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से 0-2 से हार गए थे।

वर्ल्ड चैंपियन बेल्जियम ने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में स्पेन को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। मंगलवार को भारत और बेल्जियम के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा। पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी के बीच खेला जाएगा। भारत ने ओलंपिक में आखिरी बार मास्को ओलंपिक 1980 में गोल्ड मेडल जीता था। लेकिन तब केवल छह टीमों ने भाग लिया था और राउंड रोबिन आधार पर शीर्ष पर रहने वाली दो टीमों के बीच स्वर्ण पदक का मुकाबला हुआ था। इस तरह से भारत 1972 में म्यूनिख ओलंपिक के बाद पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा है।



## इटली के मार्शल जैकब्स ने 100 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीतकर रचा इतिहास

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इटली के लेमंट मार्सेल जैकब्स ने रविवार की रात टोक्यो ओलंपिक की फर्राटा दौड़ में 9.8 सेकेंड के समय से गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इटली ने पहली बार 100 मीटर दौड़ का गोल्ड मेडल जीता है। रेस में कोई भी जीत का प्रबल दावेदार नहीं था, लेकिन जैकब्स ने पहला स्थान हासिल कर हैरान कर दिया। उन्होंने अमेरिका के फ्रेड कर्ले और कनाडा के आंद्रे डिग्रासे को पीछे छोड़कर गोल्ड मेडल जीता।संन्यास ले चुके उसेन बोल्ट ने पिछले 13 साल से इस स्पर्धा में दबदबा बनाया हुआ था। जैकब्स की जीत से कुछ ही मिनट पहले उनके देश के जिनयामार्को टाम्बेरी और कतर के ऊंची कूद के एथलीट मुताज एस्सा बारशिम एक समान कूद से बराबरी पर रहे जिससे दोनों को गोल्ड मेडल मिला। इससे पहले वेनेजुएला के युलिमार रोजास ने त्रिकूद स्पर्धा में 15.67 मीटर की कूद लगाकर 26 साल पुराने वर्ल्ड रिकार्ड को तोड़ दिया।

# भारतीय तीरंदाजी टीम ने किया निराश, टोक्यो ओलंपिक से खाली हाथ लौटी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाजों का टोक्यो ओलंपिक का सफर पर्यटक की तरह बिना पदक के ही खत्म हुआ, जहां उनके सटीक निशाने कम लगे और चूक अधिक हुई। भारत की सबसे सफल तीरंदाजों में से एक दीपिका कुमारी देश को ओलंपिक पदक नहीं दिला सकीं, लेकिन वह इन खेलों के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। इस निराशा के बीच महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित सतारा जिले के दिहाड़ी मजदूर के बेटे प्रवीण जाधव उम्मीद की किरण बन कर उभरे। रैंकिंग चरण में भारतीयों में शीर्ष पर रहने वाले 25 साल के सेना के तीरंदाज ने दूसरे दौर में दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले निशानेबाज ब्रैडी एलिसन से हारने से पहले शानदार तीरंदाजी की।

अतनु दास ने पूर्व ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन ओह जिन हायक को हराकर लगातार दूसरी बार प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के साथ भारतीयों को खुश होने का मौका दिया लेकिन वह पांच बार के ओलंपिक खेलने वाले दिग्गज ताकाहारू फुरुकावा की चुनौती से पार नहीं पा सके। भारत को सबसे ज्यादा उम्मीदें दीपिका और अतनु की मिक्सड डबल्स जोड़ी से थी लेकिन रैंकिंग चरण में अतनु के खराब प्रदर्शन के बाद यह जोड़ी बरकरार नहीं रही। भारतीय खिलाड़ी कोरिया के तीरंदाजों की चुनौती से पार पाने में नाकाम रहे।

वर्ल्ड रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज दीपिका और मिक्सड डबल्स जोड़ी के अलावा पुरुष टीम और पुरुष सिंगल्स में भी भारतीय तीरंदाजों को कोरियाई खिलाड़ियों से हार का सामना करना पड़ा। इस साल विभिनन्न वर्ल्ड कप में पांच स्वर्ण पदक जीतने वाली दीपिका ने कोरिया की 20 साल की आन सान के खिलाफ निराशाजनक प्रदर्शन किया।

वह मिक्सड टीम के क्वार्टर फाइनल में भी 10 अंक का एक भी निशाना नहीं लगा सकी, जिससे उनकी और जाधव की जोड़ी को हार का सामना करना पड़ा। भारतीय अभियान के खत्म होने के बाद दीपिका और अतनु ने उनकी जोड़ी को तोड़ने पर नाराजगी जताई। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन डोला बनर्जी ने कहा कि अगर दीपिका ने अपने अन्य साथी खिलाड़ियो के साथ प्रैक्टिस नहीं किया तो यह तैयारियों के नजरिए से गलती थी। साल 2007 की इस वर्ल्ड चैंपियन ने पीटीआई-भाषा से कहा, 'मुझे नहीं पता कि उसने दूसरों के साथ प्रैक्टिस किया था या नहीं। अगर उस नेप्रैक्टिस के लिए सिर्फ अतनु को चुना था तो यह बड़ी गलती होगी।

## टोक्यो ओलंपिक में नोवाक जोकोविच को हराने वाले एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने जीता गोल्ड मेडल



**टोक्यो (एजेंसी)।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने नोवाक जोकोविच पर शानदार वापसी से जीत दर्ज करने वाली अपनी लय को बरकरार रखते हुए रविवार को टोक्यो ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के मेंस सिंगल्स का खिताब जीता। जर्मनी के पांचवीं वरीयता ज्वेरेव ने फाइनल में रूस के कारेन खाचनोव को 6-3, 6-1 से हराया। यह उनके करियर का सबसे बड़ा खिताब है। छह फुट छह इंच के ज्वेरेव ने अपनी दमदार सर्विस और विश्वास से भरे बैकहैंड से मैच पर नियंत्रण बनाए रखा। उन्होंने पूरे मैच के दौरान 25वी रैंकिंग के खाचनोव को कोई मौका नहीं दिया। ज्वेरेव ओलंपिक में पुरुषों के सिंगल्स का गोल्ड मेडल जीतने वाले जर्मनी के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस इवेंट का सिल्वर मेडल खाचानोव ने अपने नाम किया, जबकि ब्रॉन्ज मेडल स्पेन के पाब्लो करेन्या बुस्टा ने जीता।

ज्वेरेव का ग्रैंडस्लैम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचना था जहां वह दो सेट की बढ़त के बावजूद डोमिनिक थीम से हार गए थे। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थामस बाक भी हमवतन जर्मन खिलाड़ी के इस मैच को देखने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि जाधव को मौका देने में कुछ भी गलत नहीं था क्योंकि वे एफआईटीए के नियमों के मुताबिक था। हां, आपके पास अपनी मूल जोड़ी को बनाये रखने का विकल्प होता है।

## आईपीएल 2021 के दूसरे चरण में खेलेंगे कीवी खिलाड़ी, बोर्ड ने किया कंफर्म



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 का दूसरा हिस्सा 19 सितंबर से खेला जाएगा। आईपीएल के इस हिस्से में खेलने के लिए कई देशों के खिलाड़ियों ने अपने नाम वापस ले लिए है। कोरोना और नेशनल टीमों के शेड्यूल के कारण कई खिलाड़ियों का आईपीएल के इस हिस्से में खेलना मुश्किल लग रहा है। इन सभी के बीच एक राहत भरी खबर ये आ रही है कि न्यूजीलैंड के खिलाड़ी आईपीएल के इस हिस्से में भी खेलते नजर आएंगे।

'जियो टीवी' ने न्यूजीलैंड क्रिकेट प्रमुख डेविड व्हाइट के हवाले से कहा है, 'न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन, तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, लोकी फर्ग्यूसन और ऑलराउंडर जेम्स नीशम आईपीएल के दूसरे हिस्से में खेलते नजर आएंगे।' ये सभी खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। कीवी टीम को सितंबर-अक्टूबर में पाकिस्तान का दौरा करना है। ये सभी खिलाड़ी इस सीरीज का हिस्सा नहीं होंगे। कहा जा रहा है कि कीवी खिलाड़ियों ने ये फैसला इसलिए लिया है ताकि वे आईपीएल के जरिए आगामी टी-20 वर्ल्ड कप की तैयारी कर सकें। टी-20 वर्ल्ड कप 17 अक्टूबर से यूएई में खेला जाएगा। इससे पहले इंग्लैंड और बांग्लादेश की क्रिकेट बोर्ड ने पहले ही कह दिया है कि वे अपने खिलाड़ियों को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं देंगे।

ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि ऑस्ट्रेलिया भी अपने खिलाड़ियों को बाहर रखने की योजना बना रहा है। अगर ऐसा होता है तो ये आईपीएल की तमाम टीमों के लिए चिंता का सबब है क्योंकि फिर उन्हें उन खिलाड़ियों का रिप्लेसमेंट ढूंढ़ना होगा। आईपीएल के दूसरे फेज का पहला मैच 19 सितंबर को चेनन्ई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच यूएई में खेला जाएगा।

### लालापुर में हफ्ते भर में दो की हत्या

# घर के बाहर टहल रहे पुलिस कांस्टेबिल के किसान पिता को मारी गोली, परिवार ने पुलिस को लाश देने से किया इनकार, हंगामा

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर,प्रयागराज।** प्रयागराज के लालापुर क्षेत्र में लगातार हत्या और चोरी की घटनाएं हो रहीं हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। 31 अगस्त की देर रात करीब 11 बजे थाना लालापुर के डेराबारी गांव में एक पुलिस कांस्टेबिल के किसान पिता को गोली मार दी गई। उन्हें लाद फांदकर अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने तकरीबन 11.45 बजे रात उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या के पीछे परिवार के लोगों के लेकर पहाड़ी जमीन को लेकर चल रहा विवाद सामने आ रहा है। जिसमें लाईसेंसी बंदूक से गोली मारने की बात सामने आ रही है। परिवार के लोगों ने पुलिस को लाश देने से मना कर दिया है। जिसे लेकर हंगामा भी हुआ। परिवार के लोग पहले हत्यारोपियों की गिरफ्तार की मांग कर रहे हैं। गत 25 जुलाई से 31 जुलाई के बीच में लालापुर में हत्या की यह दूसरी वारदात है। वारदात दर वारदात से पूरा जिला हाफ रहा है।

## परिवार ने कहा पहले आरोपियों को पकड़ों, फिर देंगे लाश

कुछ ही देर में गांव के लोग जुट गए। सभी लोग लाद फांदकर उन्हें सीएचसी शंकरगढ़ ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या की सूचना पर थानाध्यक्ष लालापुर वृंदावन राय, सीओ बारा अवधेश शुक्ला व एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित मौके पर पहुंचे। जांच पड़ताल की गई। उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेने की कोशिश की तो परिवार ने विरोध कर दिया। परिवार ने अभी तक लाश नहीं दी है। उनका कहना है कि पहले आरोपियों को गिरफ्तार करों, तभी लाश उठने देंगे। दूसरी तरफ लगातार हो रही बारिश ने पुलिस की और फजीहत करा रखी है।

## घटना से तीन घंटे पहले हुआ था भाई-भतीजों से झगड़ा,परिवार के खिलाफ दी तहरीर

शनिवार रात में ही घटना से करीब दो-तीन घंटे पहले पुष्करनाथ का उनके भतीजे राजेंद्र द्विवेदी, उनके बेटे राजकिशोर आदि से गांव के समीप स्थित गेरुहइया पहाड़ी पर स्थित जमीन को लेकर विवाद हुआ था। ग्रामीणों ने बताया कि पुष्करनाथ वहां काम कर रहे थे लेकिन राजेंद्र आदि को नहीं करने दे रहे थे। इसको लेकर तीन दिन से विवाद हो रहा था। इसलिए परिवार के लोग उन्हीं लोगों पर शक जता रहे हैं, जिनसे विवाद हुआ था। जिस जमीन को लेकर दोनों परिवारों में विवाद चल रहा था, उसमें हिस्से को लेकर राजेंद्र द्विवेदी की तरफ से लगातार प्रशासिनक एवं पुलिस अधिकारयों से शिकायत की जा रही थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। उसी खुनन्स में हत्या की बात सामने आ रही है। इस संबंध में राजेंद्र द्विवेदी, राजकिशोर द्विवेदी, कौतुल द्विवेदी व दो अन्य के खिलाफ तहरीर दी गई है। कई थानों की फोर्स आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल रहा है। डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी का कहना है कि घटना देर रात में हुई है। पुलिस जांच कर रही है। परिजनों से भी बातचीत की जाएगी और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## पुलिस कांस्टेबल है मारे गए व्यक्ति का एक बेटा

यमुनापार के लालापुर थानांतर्गत डेराबारी गांव निवासी पुष्कर नाथ द्विवेदी (49) पुत्र वाचस्पति प्रसाद द्विवेदी खेती किसानी करते हैं। साथ ही पास के पहाड़ में बालू तुड़वाते हैं। उनका एक बेटा यूपी पुलिस में कांस्टेबिल है, जो वर्तमान में बांदा डिस्ट्रिक में तैनात हैं। बाकी एक बेटा और एक बेटी अभी पढ़ाई कर रहे हैं। घरवालों ने बताया कि 31 अगस्त की रात में खाना खाने के बाद तकरीबन 11 बजे के आस-पास पुष्करनाथ द्विवेदी घर के बाहर टहल रहे थे। उसी दौरान बाइक से आए दो लोगों ने उन्हें गोली मार दी और भाग निकले। गोली उनके सीने में लगी और वह वहीं चीखते हुए गिर गए। फायरिंग और चीख सुनकर घर के लोग दौड़े तो पुष्करनाथ को खून से लतपथ वहीं गिरा पाया।

# कोविड वैक्सिनेशन:शंकरगढ़ में पांच हजार टीका लगाने का लक्ष्य

### तीन अगस्त को चलेगा महा वैक्सिनेशन अभियान,टीमों को दिया गया प्रशिक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़,प्रयागराज।** वैक्सीनेशन को गति प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में तीन अगस्त को बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन अभियान चलाया जाएगा। ग्रामीणांचलों के साथ ही शहरी क्षेत्रों में भी मोहल्ला वार कैंप लगाकर लोगों को टीका लगाया जाएगा। इस अभियान में टीका लगवाने के लिए पहले से पंजीकरण की अनिवार्यता नहीं है। टीका लगवाने के लिए एक पहचान-पत्र व एक मोबाइल साथ में रखना जरूरी है। टीकाकरण के इस महा अभियान को सफल बनाने के लिए क्लस्टर टीमें बनाई गई हैं, जिन्हे प्रशिक्षित किया गया।

पूरे जनपद में चलाए जाने वाले इस अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तनम्यता से जुटा हुआ है। विकास खंड शंकरगढ़ में भी 10 क्लस्टर टीमें बनाई गई हैं, यहां पर तीन अगस्त को कुल तीस स्थानों पर कैंप लगाए जाएंगे। यह कैंप स्थानीय विद्यालयों में लगेंगे। कोविड-19 के नोडल अधिकारी डा. अनूप सिंह ने बताया कि महाअभियान की सफलता के लिए प्रत्येक सेंटर पर स्थानीय दो शिक्षकों के साथ एएनएम और आशा को भी लगाया गया है, ताकि वैक्सीनेशन की प्रक्रिया में किसी तरह का व्यवधान न आए।

डा. अनूप सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगाई जाने वाली टीमों को प्रशिक्षित किया गया। इन्हे वैक्सीनेशन के पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया गया, साथ ही लोगों को जागरुक करने के लिए भी समझाया गया।

## क्षेत्र के 30 प्राथमिक विद्यायालयों में लगाया जाएगा कैम्प

शंकरगढ़ में कोरोना के नोडल प्रभारी डा. अनूप सिंह के मुताबिक टीकाकरण के इस अभियान में विकास खंड शंकरगढ़ क्षेत्र के पांच हजार लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय भड़िवार, तेलघना, नौढ़िया उपरहार, पगुवार, नीबी, बैरिहा सलैया, वन बिहरिया, अमिलिया तरहार, भारतनगर, नारीबारी, सुंदरपुर, मवइया कला, अभयपुर, कोहड़िया, सोनवर्षा, लोहगरा, बेनीपुर, लालापुर, धरा, करिया कला, पड़ुआ, पूरे बल्दू, गनने, गाढ़ा कटरा, बसहरा उपरहार, बिहरिया, गोइसरा, देवरा, जोरवट, जूही में विशेष कैंप लगाए जाएंगे।

## पहले से पंजीकरण की अनिवार्यता नहीं

इस महाअभियान के तहत 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वैक्सीन लगाई जाएगी। कोरोना का टीका लगवाने के लिए उम्र की बाधा नहीं है। गांवों में लगाए जा रहे कैंप के संबंध में सीएचसी अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह ने बताया कि टीका लगवाने के लिए लोगों को कोई एक आईडी (आधार कार्ड, राशनकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस,वोटर आईडी आदि) और एक मोबाइल लेकर आना होगा। पहले से पंजीकरण की कोई अनिवार्यता नहीं है। बताया कि अभियान की सफलता को सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ट्रेनिंग कैंप में अधीक्षक डा. शैलेंद्र सिंह, ट्रेनर संजय प्रजापति, बीपीएम सहित समस्त टीमों के लोग मौजूद रहे।

# न अदालत, न कोई कानून, सीधे गोली मारकर हो रहा भाजपा सरकार में फैसला : सतीश चंद्र मिश्र

**आगरा (एजेंसी)।** ताजनगरी में बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश मिश्रा ने कहा कि 2022 में बसपा दलित-ब्राह्मण गठजोड़ से सरकार बनाएगी। उन्होंने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा की सरकार के कार्यकाल में माहौल खराब हुआ है। ब्राह्मण समाज के लोगों पर हमले हुए, उनके साथ धोखा किया गया। कानपुर के बिकरू कांड में कई निर्देशों को फंसाया गया। मिश्रा ने रामलला का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने श्रीराम के नाम पर सैकड़ों करोड़ रुपये का चंदा किया। इसका हिसाब तक नहीं दे रही है। भाजपा श्रीराम की ठेकेदार नही है। वह तो सबके हैं।

मिश्रा रविवार को आरबीएस कालेज के राव कृष्ण पाल प्रेक्षागृह में बसपा के प्रबुद्ध वर्ग विचार गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2007 में बसपा ने दलित-ब्राह्मण गठजोड़ के सहारे ही सरकार बनाई थी। तब ब्राह्मणों का खूब सम्मान भी हुआ। भाजपा की सरकार में ब्राह्मणों के साथ अन्याय हो रहा है। मजबूत ब्राह्मणों को चुनचुन कर मारा जा रहा है। उन्हें जेल में डाला जा रहा है। यही नहीं महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा जा रहा है। बिकरू कांड का जिक्र करते हुए कहा कि खुशी दुबे को किस तरह से परेशान किया जा रहा है, ये सब जानते हैं। ब्राह्मण समाज पर हो रहे अत्याचार को बसपा बर्दाश्त नहीं करेगी। बिकरू कांड मामले में तमाम बेगुनाह लोगों को फंसाया गया। न कोई अदालत, न कोई



कानून, सीधे गोली मारकर फैसला हुआ। आसपास के इलाकों में प्रतिष्ठित ब्राह्मण थे, उन्हें भी नामजद किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री नकुल दुबे, श्याम सुंदर शर्मा, मुनकाद अली, राजकुमार रावत, गोरेलाल भी मौजूद थे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विमल कुमार वर्मा ने की।

बसपा महासचिव ने कहा कि 2007 से 2012 तक बसपा सरकार में अयोध्या, मथुरा-वृंदावन, काशी में बसपा सरकार के दौरान काफी विकास कार्य कराए गए। बसपा भाजपा की तरह कोई आडम्बर और दिखावा नहीं करती है। गोवर्धन मेले को सरकारी मेला घोषित किया। वृंदावन में पानी और सीवर लाइन डलवाई। मथुरा में बस अड्डा बनवाने का काम किया। 100 बैड का अस्पताल और विधवाश्रम के अलावा बिजलीघर स्थापित कराए। यमुना की सफाई का अभियान चलाया। भाजपा श्रीराम को याद करती है। उन्हें सीता से कोई मतलब नहीं है। भाजपा वाले श्रीराम का नाम ऐसे लेते है जैसे युद्ध का आगाज कर रहे हों। अब लोगों को भाजपा का असली चेहरा पहचानने की जरूरत है।

किसानों के आंदोलन के बारे में कहा कि उनके साथ अत्याचार हो रहा है। तीनों काले कानूनों के लागू होने पर किसानों की जमीन भी उनकी नहीं रह जाएगी। ?सरकार ने नौजवानों को दो करोड़ नौकरी देने के वायदे को पूरा नहीं किया। किसी के खाते में 15-15 लाख रुपये नहीं आए। गोष्ठी की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। बसपा महासचिव का स्वागत करने वालों ने उन्हें हनुमान की गदा, परशुराम का फरसा भेंट किए।

साथ ही सीताराम के नारे भी लगाए गए। बसपा महासचिव सतीश मि?श्रा का बेटा कपिल मिश्रा भी उनके साथ में था। वह लगातार उनके बराबर मंच पर बैठा रहा। लोगों में इस बात की चर्चा भी रही कि विधानसभा चुनाव में उसे भी कहीं से टिकट दी जा सकती है। गोष्ठी में बसपा कार्यकर्ता इतने ज्यादा उत्साहित दिखे कि उन्हें कई बार मंच से हटाना पड़ा। भीड़ बेकाबू हो रही थी। लोगों के चेहरों पर मास्क तो लगे थे, लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग कहीं भी नहीं दिखी।

## असमः कांग्रेस के विधायक सुशांत बोरगोहेन और तरुण गोगोई की ओएसडी रहीं बरनाली ने थामा बीजेपी का दामन

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम में विपक्षी कांग्रेस से दो बार विधायक रहे सुशांत बोरगोहेन और पूर्व मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) रहीं बरनाली सैकिया बोरा रविवार को सत्ताधारी भाजपा में शामिल हो गईं। पाला बदलने से पहले बोरगोहेन ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर कहा, युवा और ऊर्जावान, उनके हमारे साथ आने से पार्टी को काफी मजबूती और फायदा मिलेगा। मैं भाजपा परिवार में उनका स्वागत करता हूं। थोरा निर्वाचन क्षेत्र से विधायक बोरगोहेन और बोरा को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भावेश कलिता की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। कांग्रेस के सचिव अमित अग्रवाल और जुबली पोद्दार वैश्य तथा उसकी मीडिया पैनल का हिस्सा रहीं मृगांका ज्योति बरुआ ने भी भाजपा का दामन थाम लिया।

बोरगोहेन ने कहा, मैं कांग्रेस में कई आंतरिक मुद्दों को लेकर चिंतित था और उनके पार्टी में बने रहने की उम्मीद है। इसलिये मैंने भाजपा में जाने का फैसला किया और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य



के लोगों की सेवा करूंगा। वह इस पूर्वोत्तर राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार बनने के तीन महीने के अंदर कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले दूसरे विधायक हैं। चार बार के विधायक रूपज्योति कुर्मी ने विधायक के तौर पर इससे पहले इस्तीफा दिया था और उन्हें 21 जून को भाजपा में शामिल किया गया था।

# महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 6479 नए मामले, 157 और मरीजों की मौत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में रविवार को कोविड-19 के 6479 नए मरीज सामने आए जबकि 157 मरीजों की मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक नए मामलों के बाद प्रदेश में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 6310194 हो गई वहीं महामारी से जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़कर 132948 हो गया। विभाग के मुताबिक प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान 4110 मरीज इस महामारी से ठीक हुए हैं और इन्हें मिलाकर अब तक संक्रमण से उबर चुके लोगों की संख्या बढ़कर 6094896 हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में फिलहाल 78962 मरीज उपचाराधीन हैं और स्वस्थ होने की दर 96.59 प्रतिशत है। मामलों में मृत्युदर 2.1 प्रतिशत है।



विभाग ने एक बयान में कहा कि मुंबई में संक्रमण के 328 नए मामले सामने आए जबकि 10 और मरीजों की मौत हो गई। यहां नए मामलों के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 735107 हो गई जबकि महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 15,899 हो गई। मुंबई मंडल में आज 998 मामले सामने आए जबकि 17 मरीजों की जान चली गई। नासिक मंडल में संक्रमण के 985 नए मामले सामने आए जिनमें से 873 मामले अहमदनगर जिले से मिले। पुणे मंडल में 2332 मरीज मिले तो कोल्हापुर मंडल में संक्रमण के 1665 नए मरीज मिले। प्रदेश में संक्रमण के लिए अब तक कुल 48185,350 नमूनों की जांच की जा चुकी है।

# सैटेलाइट सुलझाएगा असम-मिजोरम का झगड़ा, केंद्र सरकार ने निकाला यह रास्ता


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ने हाल ही में काफी सुखियां बटोरीं। इस विवाद में जहां करीब सात लोगों की जान गई, वहीं काफी बड़े पैमाने पर किरकिरी भी हुई। अब केंद्र सरकार इस सीमा विवाद का एक ऐसा ठोस हल निकालने जा रही है, जिससे यह समस्या हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए केंद्र सरकार ने सैटेलाइट इमेज का सहारा लेकर सीमा निर्धारण की योजना बनाई है। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने इस बात की जानकारी दी है। इसके मुताबिक दोनों राज्यों के बीच सीमा निर्धारण का काम उत्तर पूर्वी स्पेस अप्लीकेशन सेंटर (एनईएसएसी) को दिया गया है। यह संस्थान डिपार्टमेंट ऑफ



स्पेस और नॉर्थ ईस्टर्न काउंसिल के संयुक्त तत्वाधान में काम करता है। सैटेलाइट इमेजिंग के जरिए दोनों राज्यों के बीच सीमा निर्धारण के आइडिया को सहमित कुछ महीने पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दी थी। इंडिया टुडे की वेबसाइट पर चल रही खबर के मुताबिक अमित शाह ने ही इस कार्य को एनईएसएसी से कराने का आइडिया दिया था। इसके बाद ही दोनों राज्यों की सीमा और जंगली इलाके की इस वैज्ञानिक तरीके से सीमा नापने का प्लान बना है। सरकारी तंत्र के मुताबिक एनईएसएसी से सीमा निर्धारण कराने के पीछे यही मकसद है। केंद्र सरकार का मानना है कि जब एक बार वैज्ञानिक तरीके से सीमा निर्धारण हो जाएगा तो यह झगड़ा हमेशा के लिए खत्म हो जाएगा। गौरतलब है कि असम और मिजोरम के बीच बीते हफ्ते 26 जुलाई को सीमा विवाद इतना बढ़ गया कि गोलीबारी तक हो गई। इसमें असम पुलिस के 6 जवान मारे गए और एक आम नागरिक की भी मौत हो गई। इतना ही नहीं तनातनी इतनी बढ़ गई कि मिजोरम ने इस वारदात को लेकर दायर की गई अपनी एफआईआर में असम के मुख्यमंत्री और अन्य शीर्ष अधिकारियों तक का नाम दे दिया। मिजोरम के पुलिस महानिरीक्षक (मुख्यालय) जॉन एन ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ हत्या का प्रयास और आपराधिक साजिश समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## वफादारों की बिछा दीं लाशें! 300 कुत्तों को जहरीला इंजेक्शन दे उतारा मौत के घाट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्ट्रीट डॉग्स से परेशान होने की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं। लेकिन आंध्र प्रदेश में इस समस्या से निपटने के लिए जो तरीका अपनाया गया वो बेहद भयावह है। एक एनीमल राइट एक्टिविस्ट के मुताबिक यहां पर 300 कुत्तों




को जहरीला इंजेक्शन लगाकर उन्हें दफना दिया गया। आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले का यह मामला अब एनीमल राइट्स एक्टिविस्ट्स के निशाने पर है। फाइट फॉर एनीमल्स एक्टिविस्ट ललिता के मुताबिक पश्चिमी गोदावरी जिले की लिंगापालम पंचायत के एक गांव में लोग कुत्तों से परेशान हो उठे थे। इंडिया टुडे वेबसाइट की खबर के मुताबिक इसके बाद पंचायत ने इनका बंधीकरण कराने के बजाए इन्हें जान से मार देना उचित समझा। ललिता का कहना है कि उसने गांव और उस जगह दोनों का दौरा किया है, जहां पर यह 300 कुत्ते दफनाए गए हैं। ललिता ने बताया कि वह उस जगह पर पहुंची और देखा कि कई कुत्तों की बॉडी सड़ रही है। इसके बाद जब मैंने स्थानीय लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि पंचायत के आदेश पर यह कदम उठाया गया है।

ललिता ने बताया कि पंचायत के अधिकारियों ने कुत्ता मारने वालों को बुलाकर उन्हें जहरीला इंजेक्शन लगवाया था। इस बात की जानकारी होने के बाद ललिता ने धर्माजीगुडेम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। ललिता की शिकायत के आधार पर ग्राम पंचायत सेक्रेट्री और सरपंच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में जांच जारी है।

# नाक के रास्ते दी जाने वाली कोरोना वैक्सीन लगाएगी संक्रमण पर लगाम, एक्सपर्ट बता रहे हैं गेम चेंजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश और दुनिया में तमाम वैक्सीनेशन पूरी रफ्तार से चल रही है। मसल्स में दी जाने वाली इस वैक्सीन के तमाम रूप-रूवरूप के बावजूद संक्रमण रुक नहीं रहा है। इस बीच नाक के रास्ते दी जाने वाली नेजल वैक्सीनों ने एक नई उम्मीद जगाई है। पूरी दुनिया में नाक से दी जाने वाली तमाम वैक्सीनों पर ट्रायल चल रहा है।

दावा किया जा रहा है यह वैक्सीन कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण होंगी। वजह, यह वैक्सीन नाक के रास्ते से दी जाती है, जो वायरस के अंदर जाने का सबसे अहम रास्ता है। ऐसे में एक्सपर्ट नाक से दी जाने वाली कोरोना वैक्सीन को एक गेमचेंजर की तरह देख रहे हैं। इस समय पूरी दुनिया में नाक के रास्ते दी जाने वाली सात वैक्सीन का क्लीनिकल ट्रायल चल रहा है। इनमें



से एक भारत बायोटेक की दवा भी एक है। जो अन्य नेजल वैक्सीन ट्रायल में हैं वो ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, अल्टीम्यून, हांगकांग यूनिवर्सिटी, मीसा वैक्सीन्स, कोडाजेनिक्स और क्यूबा जेनेटिक इंजीनियिरिंग और बायोटेकनेलॉजी सेंटर की हैं। भारत बायोटेक द्वारा की जा रही नेजल वैक्सीन के बारे में हाल ही में कंपनी के डॉक्टर राचेज इल्ला ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाक से दी जाने वाली वैक्सीन शायद हमें उन समस्याओं से छुटकारा दिलाएगी जो मसल्स में दी जाने वाली वैक्सीन में आ रही है। विशेषज्ञों के मुताबिक नाक से दी जाने वाली वैक्सीन मानव शरीर में सभी तीन तरह के रिस्पांस पैदा करती है। वहीं मसल्स के जरिए दी जाने वाली वैक्सीन इंफेक्शन को बॉडी में प्रवेश करने से नहीं रोकती है। भारत बायोटेक के फाउंटर कृष्णा इल्ला के मुताबिक कंपनी अगले दो से ढाई महीनों में नेजल वैक्सीन को लेकर कुछ सकारात्मक परिणामों की उम्मीद कर रही है।

नाक से दी जाने वाली कोरोना वैक्सीन को लेकर उम्मीदें ज्यादा होने के पीछे कई वजहें हैं। असल में पूरे देश में वैक्सीनेशन चल रहा है, लेकिन संक्रमण की रफ्तार पर लगाम नहीं लग रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मसल्स से दी जाने वाली वैक्सीन कोरोना से पैदा होने वाले खतरों से तो बचाती है। लेकिन यह संक्रमण की रफ्तार पर लगाम लगाने में नाकाम है। ऐसे में नाक से दी जाने वाली वैक्सीन से यह उम्मीद जताई जा रही है कि यह संक्रमण की रफ्तार भी रोकेगी। वजह यह नाक के जरिए दी जाएगी और कोरोना का वायरस में मुख्य रूप से नाक के रास्ते ही शरीर में प्रवेश करता है। अगर वैक्सीन नाक के तंत्र को इस वायरस से लड़ने में सक्षम बना देती है तो संक्रमण की रफ्तार भी थम ही जाएगी।

# मिर्जापुर, सोनभद्र और चंदौली को लेकर बोले गृहमंत्री अमित शाह

**मिर्जापुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में मिर्जापुर, सोनभद्र और चंदौली को भाजपा सरकारों ने नक्सल मुक्त कराया। पूर्वांचल के जिलों में ही नहीं प्रदेश भर में विकास कार्य तेजी से चल रहा है।

कोरोना संक्रमण से निपटने में यूपी ने देश के अन्य राज्यों से बेहतर कार्य किया। अर्थ व्यवस्था के मामले में भी उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डालर हो गया है। गृहमंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की जमकर तारीफ की। कहाकि उत्तर प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से यह प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से दौड़ रहा है।

उत्तर प्रदेश की आबादी पूरे यूरोप की आबादी के करीब है। इसके बावजूद कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने में योगी आदित्यनाथ



ने बेहतर कार्य किया। यूपी देश का पहला राज्य है जहां अस्पतालों में पांच सौ आक्सीजन प्लांट लगाया जा चुका है। देश में कोरोना का सर्वाधिक टेस्ट करने वाला राज्य यूपी है। इसके अलावा एक लाख 80 हजार बेड की व्यवस्था की गयी है। देश की 44 जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में यूपी पहले स्थान पर है। उन्होने नक्सल समस्या की चर्चा करते हुए कहााकि पहले यूपी के मिर्जापुर, सोनभद्र और चंदौली जिले नक्सल प्रभावित जिलों में शामिल थे। भाजपा की सरकार बनने पर इन जिलों को नक्सल मुक्त कराया गया।केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जिले में विंध्य विश्वद्यालय की स्थापना किए जाने की मांग की।

## टैंकर हमले से बौखलाया इजरायल, पीएम नफ्ताली बोले- ईरान को अपने तरीके से देंगे जवाब

**यरुशलम (एजेंसी)।** इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने ओमान तट के पास इजरायल की ओर से संचालित एक तेल टैंकर पर हुए ड्रोन हमले के लिए रविवार को ईरान को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उसने गंभीर भूल की है।



हालांकि, ईरान ने इस हमले से इनकार किया है। इस हमले में चालक दल के दो सदस्य मारे गए थे। ईरान ने गुरुवार रात तेल टैंकर मर्सर स्ट्रीट पर हुए हमले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है लेकिन बेनेट ने परोक्ष रुप से ईरान को धमकी दी है। इस क्षेत्र में वाणज्यिक जहाजों पर हमलों में विराम के कुछ वर्षों बाद यह पहला घातक हमला है। इसे परमाणु समझौते को लेकर ईरान के साथ तनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हालांकि, इजरायल ने आरोप लगाया है कि ईरान ने यह हमला किया है। बेनेट ने मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक में कहा, ईरान ने यह कायराना हरकत की है और अब अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहा है। वे इससे इनकार कर रहे हैं। अब मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि ईरान ने ही जहाज पर हमला किया। उन्होंने कहा, खुफिया एजेंसियों को ईरान की संलिप्तता के सबूत मिले हैं और हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ईरानी शासन को स्पष्ट तौर पर बताएगा कि उसने गंभीर भूल की है। किसी भी स्थिति में हमें पता है कि ईरान को किस तरह जवाब देना है। ईरान ने आरोपों से इनकार किया। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सईद खातिबजाहेद ने कहा, ऐसे आरोप-प्रत्यारोप नए नहीं हैं। इस हमले के लिए वे लोग जिम्मेदार हैं जिन्होंने इस क्षेत्र में इजराइली शासन को अपने पैर जमाने दिए। इसमें कुछ नया नहीं है कि अमेरिका में जानी पहचानी ईरान विरोधी लॉबी इस्लामिक देश के खिलाफ आरोप लगाने के किसी भी अवसर का इस्तेमाल करती है। अमेरिका का परमाणु ऊर्जा चालित विमानवाहक पोत यूएसएस रोनाल्ड रीगन और निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस मित्स्चर, मर्सर स्ट्रीट को सुरक्षित बंदरगाह तक लेकर गये। मर्सर स्ट्रीट का प्रबंधन लंदन की जोडियाक मैरीटाइम कंपनी करती है और यह इजराइली अरबपति इयाल ओफेर के जोडियाक समूह का हिस्सा है।



## साउथ कोरिया और अमेरिका का युद्धाभ्यास, किम जोंग उन की बहन को आया गुस्सा, दी धमकी

**सियोल (एजेंसी)।** अमेरिका और साउथ कोरिया के बीच अगले महीने प्रस्तावित युद्धाभ्यास से चिढ़ीं नॉर्थ कोरिया के तानाशान किम जोंग की बहन ने पड़ोसी देश को चेतावनी दी है। किम यो जोंग ने कहा है कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सैनिकों के बीच अभ्यास कोरिया के बीच बेहतर संबंधों की संभावनाओं को कमजोर करेगा। उनकी तीखी प्रतिक्रिया ऐसे समय पर सामने आई है जब दोनों देशों के बीच हाल ही में लंबे समय बाद संवाद स्थापित हुआ है। सरकारी मीडिया की ओर से प्रसारित किम यो जोंग के बयान में केवल दक्षिण कोरिया पर निशाना साधा गया है। अमेरिका पर उनकी चुप्पी से इन अटकलों को बल मिला है कि नॉर्थ कोरिया ने साउथ कोरिया के साथ संपर्क इसलिए स्थापित किया है ताकि सियोल वॉशिंगटन से कहकर प्रतिबंधों में कुछ छूट दिला दे।

किम यो जोंग ने कहा, "पिछले कुछ दिनों से साउथ कोरिया और अमेरिकी सेना के बीच सैन्य अभ्यास को लेकर अप्रिय चीजें सुन रही हूं। मैं इसे अवांछनीय मानती हूं जो नॉर्थ और साउथ कोरिया के शीर्ष नेताओं की इच्छा को कमजोर करता है जो आपसी विश्वास को बहाल करने की दिशा में एक कदम उठाना चाहते हैं, जो नॉर्थ-साउथ के संबंधों को आगे का रास्ता दिखाता है।

## टैंकर पर ड्रोन हमलाः इजरायल के साथ आए अमेरिका और ब्रिटेन, ईरान पर लगाया अटैक का आरोप

**दुबई (एजेंसी)।** इजरायल के बाद अमेरिका और ब्रिटेन ने भी ईरान पर अरब सागर में ओमान के तट के पास एक तेल टैंकर पर ड्रोन से हमला करने का आरोप लगाया। इससे हमले से इनकार कर रहे ईरान पर दबाव और बढ़ गया है। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डॉमनिक राब ने इसे गैरकानूनी व क्रूर हमला' करार देते हुए कहा कि उनका देश और उसके सहयोगी गुरुवार रात को तेल टैंकर मर्कर स्ट्रीट पर हुए हमले को लेकर समन्वित प्रतिक्रिया की योजना बना रहे हैं। वहीं इसके बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एटंनी ब्लिंकन ने कहा कि इस हमले का कोई औचित्य नहीं है, जो हमलों वाले व्यवहार के एक स्वरूप का अनुसरण करता है। ईरान के साथ विश्व शक्तियों के खटाई में पड़े परमाणु समझौते के बाद उपजे तनाव के बीच यह इस क्षेत्र में लंबे अरसे बाद किसी वाणिज्यिक पोत पर किया गया पहला ज्ञात घातक हमला है। अब तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन ईरान और उसके



मिलीशिया सहयोगी पूर्व में आत्मघाती ड्रोन हमलों को अंजाम देते रहे हैं।

तेल टैंकर पर हुए ड्रोन हमले के बाद इजरायल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने इसके लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराते हुए रविवार को कहा कि उसने गंभीर भूल की है। हालांकि, ईरान ने इस हमले से इनकार किया है। इस हमले में चालक दल के दो सदस्य मारे गए थे। बेनेट ने मंत्रिमंडल की साप्ताहिक बैठक में कहा, ईरान ने यह कायराना हरकत की है और अब अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहा है। वे इससे इनकार कर रहे हैं। अब मैं पूरे भरोसे के साथ कह सकता हूं कि ईरान ने ही जहाज पर हमला किया। इस पर इजरायल अपने तरीके से जवाब देगा। बेनेट ने कहा, खुफिया एजेंसियों को ईरान की संलिप्तता के सबूत मिले हैं और हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ईरानी शासन को स्पष्ट तौर पर बताएगा कि उसने गंभीर भूल की है। किसी भी स्थिति में हमें पता है कि ईरान को किस तरह जवाब देना है। बता दें कि इस क्षेत्र में वाणज्यिक जहाजों पर हमलों में विराम के कुछ वर्षों बाद यह पहला घातक हमला है।